इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 238 | राजनांदगांव, बुधवार 16 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# शुभांशु शुक्ला की ISS से सफल वापसी पर देश में खुशी का माहौल

नई दिल्ली। भारत ने चार दशक बाद मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में वापसी की है। एक्सिओम-4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) से सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। उनके लौटने से देश में खुशी का माहौल है। वहीं, ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनकी टीम को देशभर से शुभकामनाएं दी जा रही हैं। देश के राजनेताओं की ओर से भी इस मिशन की कामयाबी पर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।



## ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का धरती पर स्वागतः राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यात्रा के बाद धरती पर स्वागत है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इस मिशन से जुड़े लोगों को मेरी बधाई।

## एक अरब लोगों को शुभांशु शुक्ला ने प्रेरित कियाः पीएम मोदी

वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, मैं पूरे देश की तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत, साहस और नए रास्ते खोलने की भावना से एक अरब लोगों के सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारी अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान योजना गगनयान की ओर एक और बड़ा कदम है।

## हर भारतीय के लिए गर्व का क्षणः राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की एक्सिओम-4 मिशन के तहत सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनका अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक का सफर सिर्फ उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं का भी बड़ा कदम है। उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में ढेर सारी सफलता की कामना करता हूं।

## शुंभाशु शुक्ला ने लाखों लोगों को दिए सपनों के पंखः सिद्धारमैया

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, मैं शुभांशु शुक्ला को उनकी अंतरिक्ष की सफल यात्रा और धरती पर सुरक्षित वापसी पर हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचा है और पूरे देश को गौरवान्वित किया है। अपने दृढ़ संकल्प से उन्होंने लाखों लोगों के सपनों को पंख दिए हैं। उनकी यह यात्रा भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह देश के लिए गौरव का क्षण है। भारत ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक नया मील का पत्थर पार कर लिया है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक्स पर लिखा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रचा। उन्हें उनके ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन के सफल समापन पर हार्दिक बधाई। आईएसएस पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है और अपने साहस, समर्पण और अग्रणी भावना से अनगिनत सपनों को प्रज्वलित किया है। यह भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है! दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री अतिशी ने एक्स पर लिखा, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का हार्दिक स्वागत है। देश के प्रति आपकी प्रतिबद्धता और सेवा हर भारतीय को गौरवान्वित करती है। आपके जज्बे को सलाम। जय हिंद।

# ऑपरेशन सिंदूर पर अभिनंदन प्रस्तावः विपक्ष ने किया बहिष्कार, सीएम साय बोले - मोदी के नेतृत्व में देश नई ऊंचाईयों को छू रहा

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर अभिनंदन प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ। इस दौरान सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा की गई। सत्तापक्ष की ओर से अजय चंद्राकर ने चर्चा की शुरुआत की। चंद्राकर के भाषण पर विपक्ष ने आपत्ति जताते हुए चर्चा का पूर्ण बहिष्कार किया। जिसके बाद चर्चा का बहिष्कार कर विपक्ष के सदस्य सदन से बाहर निकल गए। वहीं विपक्ष के हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।



दरअसल, छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। इस दौरान सीएम साय ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए पीएम मोदी का आभार जताया। सीएम साय ने कहा- यह केवल रेस्क्यू मिशन नहीं था, यह संपूर्ण राज्य की भावना को दर्शाता है। एयरफोर्स और दूतावास ने जो कर दिखाया वह काबिल ए तारीफ है।

सीएम साय ने सदन में कहा- ऑपरेशन सिंदूर के पीछे पीएम मोदी सक्रिय भागीदारी है। भारत मानव सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। आज भारत वैश्विक स्तर में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सीएम साय ने आगे कहा- भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर भारत के लोगों को न्याय दिलाने के लिए रहा है। आज कोई भी भारत को आंख दिखाने से पहले 10 बार सोचेंगे।

## विपक्ष ने चर्चा का किया बहिष्कार

कांग्रेस विधायकों ने चर्चा का बहिष्कार किया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा- सीजफायर के लिए अमेरिका का सहयोग लिया। सीजफायर से पहले विपक्ष से बात नहीं की। चर्चा कटुता की थी इसलिए बहिष्कार किया। वहीं बांग्लादेशियों को डिपोर्ट करने वाले मामले में डॉ. चरणदास महंत ने कहा- कांग्रेस ने भी घुसपैठियों का विरोध किया है। हम आज भी कहते है घुसपैठियों को बाहर निकाले।




# निको इण्डस्ट्रीज का मामला उठाः विधायक अनुज शर्मा ने उद्योग मंत्री से पूछे सवाल, निरीक्षण में क्या-क्या मिली विसंगतियां



रायपुर। विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन विधायक अनुज शर्मा ने अपने क्षेत्र में मनमाने ढंग से उद्योग संचालित करने वाली कंपनी जायसवाल निको पर महत्वपूर्ण सवाल उठाये। विधायक अनुज शर्मा ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से पूछा कि, क्या धरसींवा विधानसभा क्षेत्र स्थित मेसर्स जायसवाल निको के ब्लास्ट फर्नेस एवं पावर प्लांट में श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1982 के अंतर्गत विभाग द्वारा निरीक्षण किया गया व निरीक्षण में क्या-क्या विसंगतिया पाई गई?

इसके साथ ही निरीक्षण में जांच अधिकारी के द्वारा क्या किसी प्रकार का प्रतिबंधात्मक आदेश कारखाना प्रबंधन को जारी किया गया था? इसे कब पुनः परीक्षण कर जांचा गया? इस सवाल का जवाब देने में मंत्री आना-कानी करते रहे तथा गोल-मोल जवाब देने लगे। मंत्री ने कहा कि, जाँच में कोई विसंगतिया नहीं पाई गई। जबकि पूर्व के सवालो से प्राप्त जवाब में बताया गया था कि, जायसवाल निको प्लांट की जाँच में लगभग 71 धराओ (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शराब घोटालाः लखमा ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा, मांगी जमानत

बिलासपुर। शराब घोटाले मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। ईडी के द्वारा की गई गिरफ्तारी को लेकर उन्होंने एडवोकेट हर्षवर्धन परगनिया के माध्यम से याचिका लगाई है। जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के सिंगल बेंच में याचिका लगाते हुए उन्होंने जमानत देने की मांग की है। इस मामले सुनवाई में अगस्त के पहले सप्ताह में होगी।



उल्लेखनीय है कि, ईओडब्ल्यू ने चौथा पूरक चालान पेश किया। विशेष कोर्ट में 1100 पन्नों का चालान पेश किया गया। इस चार्जशीट में पूर्व आबकारी मंत्री लखमा को शराब घोटाले से बतौर कमिशन मिला 64 करोड़ रुपये मिलने की बात कही गई है। चार्जशीट में एसीबी ने बताया है कि कवासी लखमा वर्ष 2019 से 2023 के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार में आबकारी मंत्री रहे। जांच में साक्ष्यों और वित्तीय विश्लेषण से यह निर्विवाद रूप से सिद्ध हुआ है कि कवासी लखमा, जो एक उत्तरदायित्वपूर्ण संवैधानिक पद पर आसीन थे, उन्होंने न केवल अपने कर्तव्यों की घोर उपेक्षा की, बल्कि मंत्री पद की शक्तियों का उपयोग कर नीतिगत निर्णयों में हस्तक्षेप, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# तेंदूपत्ता बोनस घोटालाः ईओडब्लू ने 14 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में 4500 पन्नों का चालान किया पेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता बोनस घोटाला केस में ईओडब्ल ने 14 आरोपियों के खिलाफ विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा में 4500 पन्नों का चालान पेश किया है। इस मामले में ईओडब्ल ने तत्कालीन डीएफओ अशोक कुमार पटेल समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल ने प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी है।



ईओडब्लू की जांच में सामने आया कि, तत्कालीन वनमंडलाधिकारी अशोक कुमार पटेल ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वर्ष 2021-22 के तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक में संग्राहकों को दी जाने वाली राशि 7 करोड़ का बंदरबांट किया। अशोक पटेल ने वन विभाग के अधिकारियों और प्राथमिक लघुवनोपज समितियों के प्रबंधकों व पोषक अधिकारियों के साथ मिलकर इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया था। अब तक ईओडब्ल्यू ने तेंदूपत्ता बोनस गबन मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## चार करोड़ रुपये की हुई बंदरबांट

इस मामले में अब तक की जांच में 17 समितियों में से 8 दूरस्थ समितियों के संबंध में जांच की गई, जिस पर 3,92,05,362 रुपए का गबन कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाना पाया गया है। उपरोक्त वर्णित आरोप में आज कुल 14 आरोपी लोकसेवक वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) अशोक कुमार पटेल, 04 वनकर्मी / पोषक अधिकारी (चैतूराम बघेल, देवनाथ भारद्वाज, मनीष कुमार बारसे, पोड़ियामी इड़मा (हिडमा) एवं 09 समिति प्रबंधक (पायम सत्यनारायण उर्फ शत्रु, मोह. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# उत्तराखंड में बड़ा हादसाः पिथौरागढ़ में बोकटा जा रही मैक्स खाई में गिरी, दो सगी बहनों समेत आठ की मौत; छह घायल

पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़-थल मोटर मार्ग पर मुवानी के पास मंगलवार शाम बड़ा हादसा हो गया। सवारियों से भरी मैक्स अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी और बरसाती नाले में समा गई। इस भीषण दुर्घटना में आठ यात्रियों की मौत हो गई जबकि छह गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों में दो सगी बहनों समेत तीन छात्राएं भी हैं। सभी मृतक और घायल बोकटा गांव के हैं। हादसे से पूरे गांव में कोहराम मचा है। मुवानी कस्बे से यात्रियों को लेकर मैक्स मंगलवार शाम लगभग पांच बजे बोकटा गांव की ओर निकली। भंडारीगांव पुल के पास लगभग एक किलोमीटर आगे अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 150 फुट नीचे गिर गई।



हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आठ यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में वाहन के परखचे उड़ गए और शव बाहर छिटक गए। पास से गुजरते लोगों के जरिसे बोकटा के ग्रामीणों को जानकारी मिली तो वे दुर्घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने खाई में उतरकर रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई। आठ घायलों को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। सभी को मुवानी अस्पताल ले जाया गया लेकिन आठ वर्षीय सिमरन और 40 वर्षीय चालक नरेंद्र सिंह ने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद सभी छह घायलों को गंभीर हालत में एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे में मृत दीक्षा पत्नी पंकज बोरा पिथौरागढ़ के चंडाक की रहने वाली थीं। वह हरेला पर्व पर मायके गई थीं। अन्य सभी मृतक बोकटा गांव के हैं।

हादसे की सूचना के बाद जिला मुख्यालय से एडीएम डॉ.योगेंद्र सिंह ने मुवानी पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। थल के तहसीलदार राम प्रसाद और थल थानाध्यक्ष शंकर रावत भी टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। डीएम ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और स्वास्थ्य कर्मियों को उपचार के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. एसएस नबियाल ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के लिए की जा रही उपचार की व्यवस्थाओं को देखा। हादसे पर सीएम धामी ने भी दुख जताया। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा जनपद पिथौरागढ़ के मुवानी क्षेत्र में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# भारतीय सेना टिप्पणी केसः राहुल गांधी का लखनऊ कोर्ट में सरेंडर; 5 मिनट में जमानत

नई दिल्ली। भारतीय सेना पर टिप्पणी मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार (15 जुलाई) को लखनऊ कोर्ट पेश हुए। राहुल के सरेंडर के बाद उनके वकील ने जमानत याचिका लगाई। कोर्ट ने मंजूर करते हुए राहुल को 5 मिनट बाद जमानत दे दी। कोर्ट ने 20-20 हजार के दो बॉन्ड पर राहुल को जमानत दी है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला।



राहुल गांधी के कोर्ट रूम में जाते समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाए। भारी सुरक्षा के बीच कांग्रेस सांसद लखनऊ के एमपी/ एमएलए कोर्ट रूम के अंदर पहुंचे। पुलिस ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और आराधना मिश्रा की कार को रोक दिया। उनकी पुलिस से नोकझोंक भी हुई। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने 11 फरवरी को सीजेएम कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दायर किया था। आरोप लगाया था कि 16 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने भारतीय सेना पर विवादित टिप्पणी की थी। श्रीवास्तव ने दावा किया था कि राहुल ने 9 दिसंबर 2022 को भारत-चीन सीमा पर हुई झड़प का उल्लेख करते हुए कहा था कि चीनी सैनिक भारतीय जवानों को पीट रहे हैं, जो उनकी दृष्टि में तथ्यों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केंद्र सरकार ने समोसा और जलेबी पर लेबल लगाने का नहीं दिया कोई निर्देश



नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर समोसा जलेबी को लेकर एक पोस्ट शेयर की जा रही है। पोस्ट में लिखा है कि समोसा जलेबी सेहत के लिए हनिकारक है। इसके साथ ही दावा किया जा रहा है कि समोसा और जलेबी के पैकट में चीनी और तेल की मात्रा के लिए स्वास्थ मंत्रालय जल्द ही इस पर लेबल लगाने वाली है।

अमर उजाला ने अपनी पड़ताल में वायरल दावे को गलत पाया है। हमने पाया कि सरकार की ओर से लेबल पर कितनी चीनी और तेल की मात्रा है इससे संबंधी कोई सूचना नहीं दी गई है। दरअसल, लोगों में स्वास्थ्यकारी खानपान की आदत को बढ़ावा देने के लिए सरकारी संस्थानों में खाने से जुड़ी चीजों में शक्कर और तेल से जुड़ी जानकारी वाले बोर्ड लगाने का प्रस्ताव दिया गया था।

सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दावा किया जा रहा है कि सरकार समोसा और जलेबी पर तेल चीनी की मात्रा का लेबल लगाने वाली है। ऑक्सोमिया जियोरी नाम की एक्स यूजर ने लिखा ÷समोसे और जलेबी पर स्वास्थ्य चेतावनी के लेबल? यह चुनिंदा आक्रोश क्यों? अगर भारतीय स्नैक्स पर सिगरेट जैसी चेतावनी होनी चाहिए, तो इटैलियन पिज्जा, चीनी चाउमीन या अजीनोमोटो, सिंथेटिक चीज़, एमएसजी और प्रिज़र्वेटिव से भरे अमेरिकी बर्गर पर क्या? स्वास्थ्य के नाम पर हमेशा भारतीय खाद्य संस्कृति को ही निशाना क्यों बनाया जाता है, जबकि वैश्विक जंक फूड पर कोई नज़र नहीं जाती? आइए, औपनिवेशिक काल के प्रभाव को अपनी नीतियों पर हावी न होने दें।÷ पोस्ट का लिंक आप यहां और आर्काइव लिंक यहां देख सकते हैं। हमने दावे की पड़ताल करने के लिए पोस्ट में इस्तेमाल कीवर्ड से सर्च किया। इस दौरान हमें स्वास्था मंत्रालय की एक एडवाइजरी मिली। यह एडवाइजरी 21 जून 2025 को जारी की गई थी। इसमें लोगों में स्वास्थ्यकारी खानपान की आदत को बढ़ावा देने के लिए सरकारी संस्थानों में खाने से जुड़ी चीजों में शक्कर और तेल से जुड़ी जानकारी वाले बोर्ड लगाने का सुझाव दिया गया था। इसके जरिए आम लोगों को रोजाना के खाद्य पदार्थों में छिपी वसा और शक्कर से जुड़ी अहम जानकारी देने का लक्ष्य रखा गया था। एडवाइजरी में खाद्य पदार्थों से जुड़ी इन जानकारियों को कैफेटेरिया, मीटिंग रूम्स और अन्य सार्वजनिक जगहों पर लगाने की बात कही गई, ताकि इनके (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पुराने वोटरों की दोबारा न पहचान कराएं, मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण पर चुनाव आयोग से TDP की बड़ी मांग

नई दिल्ली। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) ने मंगलवार को चुनाव आयोग (ईसी) से अपील की कि आंध्र प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण के लिए पर्याप्त समय दिया जाए और यह प्रक्रिया किसी बड़े चुनाव से छह महीने पहले तक न कराई जाए। टीडीपी ने कहा कि जो लोग पहले से ही ताजा वोटर लिस्ट में शामिल हैं, उन्हें दोबारा अपनी पहचान या पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। यह मांग ऐसे समय में आई है जब बिहार में इसी तरह की मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर विवाद चल रहा है।



वहां विपक्षी दलों ने आरोप लगाए हैं कि चुनाव से ठीक पहले की जा रही इस प्रक्रिया में नए वोटरों पर सबूत देने की जिम्मेदारी डाल दी गई है, जिससे भ्रम और असंतोष फैल रहा है। विशेष सघन पुनरीक्षण का मकसद साफ हो- टीडीपी ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना होगा.., SCO की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया पहलगाम हमले का मुद्दा

बीजिंग। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को चीन के तिआनजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाया और कहा कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ



आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने इस हमले की कड़ी निंदा की थी। सुरक्षा परिषद ने यह भी कहा था कि इस निंदनीय आतंकी हमले के अपराधियों, साजिशकर्ताओं, फंडिंग करने वालों और समर्थकों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि भारत ने ठीक ऐसा ही किया है और आगे भी करता रहेगा। जयशंकर ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबले के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि ये तीनों समस्याएं अक्सर एक साथ देखने को मिलती हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा, एससीओ को अपनी स्थापना के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपनाना ही होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत नए विचारों और प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से स्वीकार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस सहयोग का आधार आपसी सम्मान, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

## सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, अतिक्रमण हटाने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने, आर्थिक सहायता, नजूल भूमि का पट्टा बनाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए।

## आज 'पहचान' एग्जीबिशन का उद्घाटन किरण वैष्णव करेगी

राजनांदगांव (दावा)। खंडेलवाल महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सरला खंडेलवाल ने बताया कि आज से दो दिवसीय महिलाओं के स्वावलंबन हेतु पहचान एग्जिबिशन 16 एवं 17 जुलाई 2025, माहेश्वरी भवन रामाधीन मार्ग में प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। आज महिला स्वावलंबन हेतु पहचान एग्जीबिशन का भव्य उद्घाटन 16 जुलाई दिन बुधवार समय दोपहर 12:30 बजे दीप प्रज्वलन गणपति पूजन एवं संत शिरोमणि सुंदरदास महाराज के पूजन से मुख्य अतिथि श्रीमती किरण वैष्णव जिला पंचायत अध्यक्ष राजनादगांव, अध्यक्षता श्रीमती तरुणा साहू रेलवे इंस्पेक्टर राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती करुणा यादव एवं 5 महिला समाज अध्यक्ष व समाजसेवी महिलाओं द्वारा उद्घाटित होगा। नये भारत के निर्माण में महिला स्वावलंबन पहल पहचान एग्जिबिशन में खंडेलवाल महिला मंडल का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत मे महिला स्वावलंबन मिल का पत्थर साबित होगा। महिला स्वयं के व्यवसाय से दूसरों को रोजगार के साधन उपलब्ध करा सकें, आत्मनिर्भर, स्वावलंबी, महिला सशक्त भारत में पहचान एग्जिबिशन से एक नई प्रगति प्राप्त करेगी। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल महिला मंडल प्रचार प्रमुख प्रतिभा खंडेलवाल ने दी।

## आज नाड़ी परीक्षण शिविर : डॉ. अभिषेक सिंह करेंगे परीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। आर्ट ऑफ लिविंग की स्थानीय इकाई एवं दीक्षा उदय सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आज बुधवार को नाड़ी परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रकृति लाइफ इन्हांसर क्लीनिक, विकास नगर, लखोली, राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। शिविर में श्री श्री रविशंकर संस्थान, बेंगलुरु से पधारे वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक सिंह द्वारा सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाड़ी परीक्षण किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्लीनिक के संचालक डॉ. प्रवेश जैन ने बताया कि नाड़ी परीक्षण प्राचीन भारतीय आयुर्वेदिक पद्धति है, जिसके माध्यम से शरीर की आंतरिक स्थिति का विश्लेषण किया जाता है। यह शिविर स्वास्थ्य जागरूकता एवं रोगों की प्रारंभिक पहचान की दृष्टि से उपयोगी रहेगा। शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नागरिकों से उपस्थित होकर लाभ उठाने की अपील की गई है।

## कल सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में आध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन



राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ सुकुलदैहान सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में आगामी 17 जुलाई दिन गुरुवार दोपहर समय 2 बजे से चातुर्मास पर्व अंतर्गत अध्यात्मिक दिव्य सत्संग-प्रवचन भजन होगा। इस पावन शुभ अवसर पर प्रमुख रूप से परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब के द्वारा अपने मुखारविंद से सारगर्भित दिव्य सत्संग श्रवण पान सभी भक्तों को कराया जाएगा। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चातुर्मास आयोजन समिति संरक्षक गुलाब वर्मा, अध्यक्ष नरबद वर्मा और सद्गुरु कबीर आश्रम समिति के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू, आश्रम के गादीपति मंहत सेवा दास साहेब के संकल्पित विशेष सहयोग से यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम में भजन सम्राट निर्गुण भजन गायक अमरदास दीवान साहेब ग्राम बुंदेली और कोकिला सुमधुर आवाज में गायक संतोष साहू ग्राम जोरातराई, मानस मर्मज्ञ विद्वत भागवत दीवान साहेब, मंहत बिजूदास साहेब ग्राम कुसूमी डोंगरगढ़, मंहत चुरामणि साहेब कबीर आश्रम फिरोजाबाद आगरा मंडल उत्तर प्रदेश से पधारेंगे। यह जानकारी श्रीमती नेहा निरंजन साहू ने दी।







# सोसायटी में धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन अनिवार्य

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी खरीफ 2025-26 के लिए एग्री स्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत एग्री स्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को सभी किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत जिले के सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय पारदर्शिता के साथ आसानी से कर पायेंगे। एग्री स्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है। पोर्टल में पंजीयन, फसल बीमा कराने हेतु एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। जिले में 145870 किसान है, जिनमें से अब तक केवल 112033 (77 प्रतिशत) किसानों ने एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराया है। शेष कृषकों को भी निर्धारित समय-सीमा 30 अगस्त 2025 तक एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्यथा फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि एवं धान विक्रय का लाभ कृषकों को प्राप्त नहीं होगा। एग्री स्टेक पोर्टल पर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं अथवा अपने क्षेत्र के सहकारी समिति अथवा निकटतम लोक सेवा केन्द्र (क) में जाकर पंजीयन करा सकते हैं। फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसान को अपने सभी कृषि भूमि का बी-1 पुस्तिका आधार कार्ड और आधार में लिंक मोबाईल नम्बर (जिसमें आधार सत्यापन ओटीपी प्राप्त होगा) की आवश्यकता होगी।

पंजीयन पश्चात किसानों को आधार के जैसे 11 अंकों की एक यूनिट फार्मर आईडी मिलेगी। जिससे किसान डिजिटल रूप में अपनी पहचान प्रमाणित कर सकेंगे। एग्री स्टेक भारत सरकार द्वारा एक डिजीटल प्लेटफार्म है। जिसका उद्देश्य भारतीय कृषि को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। यह किसानों के लिए व्यापक डाटाबेस बनाने पर केन्द्रित है, जिसमें उनकी पहचान, भूमि रिकार्ड, वित्तीय जानकारी, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास शामिल है। एग्रीस्टेक पोर्टल किसानों को प्राथमिक सहकारी समितियों तथा लोक सेवा केन्द्र के माध्यम पंजीकरण करने की सुविधा प्रदान करता है। एग्रीस्टेक पोर्टल, छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगी। एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया गया फार्मर आईडी पंजीयन ई-केवाईसी युक्त होता है, जिससे दोहराव की संभावना समाप्त हो जाती है और किसानों की पहचान सुनिश्चित होती है।

राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से दिलाने के लिए की जा रही है। इसके लिए राज्य शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल विकसित किया गया है, सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता से करें। जिसमें पंजीयन की प्रक्रिया प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक संचालित की जाती है। इस वर्ष भी खरीफ मौसम के लिए यह प्रक्रिया निर्धारित अवधि में पूर्ण की जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस बार पंजीयन के लिए कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के बीच इंटर-डिपार्टमेंटल समन्वय को सुदृढ़ किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डाटा एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री से एपीआई के माध्यम से लिया जाएगा, जो पूरी तरह से ईकेवाईसी आधारित होगा। इसके साथ ही राजस्व विभाग में संधारित भुईयां पोर्टल में दर्ज किसानों की भूमि की जानकारी और गिरदावरी रिकॉर्ड को भी आधार सीडिंग के माध्यम से एकीकृत किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि कृषकों के पंजीयन और आधार सीडिंग के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तय समय-सीमा में पूर्ण करें, जिससे जिले के सभी पात्र किसान समय पर पंजीकृत होकर समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर सकें। इस नई व्यवस्था से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, दोहराव रहित पंजीयन संभव होगा और किसानों को समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

एग्रीस्टेक के मुख्य उद्देश्य किसानों का डेटाबेस, किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, वित्तीय जानकारी, फसल की जानकारी और बीमा इतिहास को एक ही स्थान पर एकत्रित करना है। किसानी को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एक डिजिटल प्लेट फार्म प्रदान करना है। किसानों को किफायती ऋण और अन्य वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करना है। कीटों के हमले, सूखा, बाढ़ जैसी आपदाओं के लिए स्थानीयकृत और अनुकूलित पूर्व चेतावनी प्रणालियां प्रदान करना है। निजी क्षेत्र की भागीदारी की सक्षम का, जिससे किसानों के लिए अधिक विकल्प उपलब्ध हो सके। जिले के किसानों से 30 अगस्त 2025 तक एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराकर डिजिटल फार्मर आईडी (किसान कार्ड) बनवाने की अपील की गई है।

## सर्प दंश से पीड़ित व्यक्ति को देर से मिला इलाज

**ओपीडी के सामने देर तक बैठा रहा पीड़ित व्यक्ति**

राजनांदगांव (दावा)। मंगलवार की सुबह निकटस्थ ग्राम शिकारीटोला के एक 33 वर्षीय व्यक्ति को सांप काट लेने से इलाज के लिए तड़के सुबह ही अस्पताल पहुंच गया। लेकिन बदकिस्मती यह कि जिस समय वह व्यक्ति जिला चिकित्सालय पहुंचा उसी समय रात्रि में ड्यूटी करने वाला डॉक्टर थकान मिटाने के लिए समीप के होटल में चाय पीने चला गया था। इसके चलते उसे इलाज के लिए देर तक इंतजार करना पड़ा।

जिला चिकित्सालय के पर्ची काउंटर में पर्ची कटा कर किसी को कुछ बताये डाक्टरों का इंतजार करने वाले उक्त व्यक्ति के संबंध में मीडिया वालों को खबर लगने पर मौके पर चले आए और उक्त सर्प दंश पीड़ित व्यक्ति के इलाज के लिए डाक्टरों के नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करने लगे। बताया जाता है कि थोड़ी देर बाद रात्रिकालीन ड्यूटीरत डॉक्टर आ पहुंचे और उस व्यक्ति का ईलाज किया।

बता दें कि इन दिनों जिला चिकित्सालय बसंतपुर की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इससे डाक्टरों के कक्ष सहित इलाज आदि के कमरों को बाहर स्थित हाल में शिफ्ट किया गया है। इससे अस्पताल थोड़ा अव्यवस्थित है। ऐसे माहौल में उक्त सर्प दंश पीड़ित व्यक्ति के पहुंचने पर तत्काल इलाज पाने में देरी हो गई। बहरहाल थोड़ी देर से ही सही पर उक्त सर्प दंश पीड़ित व्यक्ति को उचित इलाज मिल जाने से उसे कुछ भी नहीं हुआ, फिलहाल वह ठीक-ठाक है।

बताया जाता है कि निकटस्थ ग्राम जोरातराई का रहने वाला व्यक्ति नरेंद्र जांगड़े मंगलवार को सुबह के समय खेतों की ओर घुमने गया हुआ था। इसी दौरान किसी अज्ञात सांप ने उसे काट लिया। दर्द से कराहते हुए वह राजनांदगांव शहर काम करने वाले के साथ लगभग सवा 7 बजे जिला अस्पताल इलाज के लिए वह पहुंच गया। साथी उसे छोड़कर अपने काम में चला गया।

बताया जाता है कि हास्पीटल में सुबह के समय किसी डाक्टर के नहीं होने से वह पीड़ित व्यक्ति ओपीडी के सामने लगभग 9 बजे तक डाक्टरों का इंतजार करते रहा। इस बीच मीडिया वालों द्वारा खोज-खबर लेने के पश्चात रात्रिकालीन ड्यूटी पर डाक्टर आ पहुंचा और उसे एडमिट कर तत्काल उसका इलाज किया। इससे उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती।

## युगांतर की भावनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहल



**छात्राएँ भावनात्मक रूप से मजबूत हो रही है**

राजनांदगाँव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की छात्राओं के लिए भावनात्मक आत्मनियंत्रण और कृतज्ञता की शक्ति विषय पर एक प्रभावशाली कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला को प्रसिद्ध एनएलपी ट्रेनर दीप्ति बिंदल द्वारा संचालित किया गया।

उन्होंने छात्राओं को आत्मचिंतन, भावनात्मक अभिव्यक्ति और आत्म-संवाद से भरपूर बनाने के लिए शानदार प्रयास किया। उनके इन्हीं प्रयासों से छात्राएँ अपने भीतर झांकना सीखी और पुराने बोझों को छोड़कर अपने असली स्वरूप से जुड़ने में सफल रही। उनकी आँखों में आँसू थे लेकिन वे उनकी आत्म-स्वीकृति और भीतर की शांति के थे। यही नहीं छात्राओं ने कृतज्ञता को सर्वोच्च भावना के रूप में अनुभव किया, जिसने उनके दिलों को प्रेम, शांति, आत्मविश्वास और आनंद से भर दिया। युगांतर की यह अभिनव पहल रही है कि विद्यार्थीगण समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ें। इस तरह की रचनात्मक कार्यशाला के आयोजन होने से विद्यार्थियों के न केवल ज्ञान, बल्कि उन्हें अच्छे अनुभव भी प्राप्त हो रहे हैं। विद्यार्थियों के ये अद्भुत अनुभव उनके मन में सदैव गुंजित हो रहे हैं। इस कार्यशाला के सफलतापूर्वक आयोजन होने से विद्यालय के प्राचार्य और प्रबंध समिति ने हर्ष प्रकट किया है।

## रॉयल किड्स कॉन्वेंट की सिमोनी ढोक ने मेघमल्हार सेमी क्लासिकल नृत्य प्रतियोगिता में जीता द्वितीय पुरस्कार



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट, राजनांदगांव की छात्रा सिमोनी ढोक ने भिलाई स्थित नृत्य धाम कला समिति द्वारा आयोजित एस एन जी स्कूल भिलाई इंटरनेशनल कल्चर हार्मनी के अंतर्गत मेघ मल्हार कार्यक्रम में क्लासिकल डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला एवं परिवार का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व की लहर है। सिमोनी ढोक की इस सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत, नृत्य के प्रति उनकी लगन है।

रॉयल किड्स कॉन्वेंट के प्रिंसिपल अभिषेक खंडेलवाल ने सिमोनी ढोक को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि स्कूल के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सिमोनी ढोक की इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ श्रीमती सविता जे बी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, वरसर आई के वैष्णव, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सिमोनी को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तुमड़ीबोड़ के न्यायालय में मामला**
**क्रमांक:202505093100017**
**विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी: राजस्व**
**सन:-2024-2025 आरगांव (प.ह.न.00003)**
**पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-प्रेम कुमार साहू, अनावेदक पक्षकार-शकुंतला,**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सी.टी.सीरिज आनलाईन के माध्यम से वसीयत नामांतरण हेतु प्राप्त। ग्राम आरगांव तहसील डोंगरगांव में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमाशः 114/2, 290/12 रकबा क्रमशः 0.7040 हे. 0.0810 भूमि दर्ज व स्थित भूमि को वसीयतकर्ता शकुंतला बाई पति रामजी साहू के द्वारा वसीयत प्राप्तकर्ता प्रेमकुमार साहू के पक्ष में दिनांक 21.10.2024 को वसीयतनामा निष्पादित किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 21/07/2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/07/2025 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगांव**

## आज फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को सौपेगा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव से संबद्ध समस्त जिला अध्यक्षों, सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कल 16 जुलाई 2025 दिन बुधवार को फ्लाई ओवर के नीचे कलेक्ट्रेट के सामने दोपहर 12 बजे एकत्रित होंगे। उसके पश्चात रैली निकालकर कलेक्ट्रेट में 11 सूत्रीय मांगों के संबंध में कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम भोजन अवकाश के समय में ज्ञापन सौंपेंगे।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-4-7
116-8 140-5
राजधानी
2-5-7
477-8 238-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**NAME CHANGE NOTICE**

I HEREBY DECLARE THAT MY, FORMER NAME WAS CHANCHAL PATEL: I HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS CHANCHAL BEN PATEL. THIS CHANGE WILL REFLECT IN ALL MY OFFICIAL AND NON OFFICIAL RECORDS AND DOCUMENTS. THIS NOTICE IS BEING PUBLISHED FOR PUBLIC INFORMATION AND FOR THE ATTENTION OF ALL CONCERNED AUTHORITIES.

**CHANCHAL BEN PATEL**

**नाम परिवर्तन**

मैं यह सूचित करता हूँ कि मेरा पुराना नाम चंचल पटेल था। अब मैंने अपना नाम बदलकर चंचल बेन पटेल कर लिया है। अब से मैं चंचल बेन पटेल नाम से ही जानी जाऊँगी और सभी सरकारी व गैर-सरकारी दस्तावेजों में यही नाम मान्य होगा।

यह सूचना आम जनता और संबंधित विभागों के लिए दी जा रही है।

**चंचल बेन पटेल**

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास, विभाग) खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

E-Mail id-kcgactd@gmail.com

क्रमांक 652/ अजाक/लद्यु निर्माण/2025-26 — खैरागढ़, दिनांक 14.07.2025

**-: संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचनना :-**

लोक निर्माण विभाग के एकल पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' एवं अपर श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदार से मुहर बंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' में मुख्य अभियंता लो.नि.वि. निर्माण दिनांक 01.01.2015 की प्रचलित (अद्यतन संशोधित सहित) दर पर निविदा निःशर्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - दिनांक 28.07.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - दिनांक 30.07.2025 सायं 5.00 बजे तक
3. स्पीड पोष्ट/ रजिस्ट्री द्वारा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - दिनांक 07.08.2025 सायं 5.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 08.08.2025 दोपहर 12.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का विवरण | विकासखण्ड | कुल कार्यों की संख्या | कुल कार्य की लागत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास/आश्रम भवनों में अनुरक्षण/ लघु निर्माण कार्य वर्ष 2025-26 | खैरागढ़ एवं छुईखदान | 06 | 24.01 लाख |
| | योग | | 06 | 24.01 लाख |

**शब्दों में -चौबीस लाख एक हजार**

टीपः- निविदा की शर्तें एवं कार्यो से संबंधित समस्त जानकारी अधोहस्तारकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

जी- 252602214/2

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2025-26/287 — डोंगरगांव, दिनांक 15/07/2025

**-: मैन्यूअल द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :-**

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति डोंगरगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) छ.ग. शासन के लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से मोहर बंद निविदाएं केवल पंजीकृत डाक से तीन लिफाफा पद्धति से निम्नदर्शित कार्यों हेतु लो.नि.वि. भवन एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01/01/2015 एवं 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. एवं इस निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर निविदा प्रपत्र ''अ'' (प्रतिशत दर) में मंडी कार्यालय डोंगरगांव में आमंत्रित की जाती हैः-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 04/08/2025 को सायं 05.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 05/10/2025 को सायं 05.00 बजे तक
3. निविदा दर प्राप्ति की अंतिम तिथि - 12/08/2025 को सायं 05.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 13/08/2025 को सायं 03.00 बजे तक

| क्र. | स्थान | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू.) | ब्याने की राशि रू. (एफडीआर में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि | ठेकेदारों की श्रेणी | दर अनुसूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | रतनभांट | पक्का फड आकार (60.20 x 90.20 मी.) | 8.81 | 8600/- | 1000 | 03 माह | डी एवं उच्च | C.G.P.W.D. buliding wark S.O.R. w.e.1. 01.01.2015 and Electrical work SOR w.e.f. 01.07.2015 एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित |
| 02 | बादराटोला | पक्का फड आकार (60.20 x 90.20 मी.) | 8.81 | 8600/- | 1000 | 06 माह | डी एवं उच्च | |

(1) निविदा प्राप्त करने के लिए वैध पंजीयन/ जी.एस.टी. पंजीयन पेन कार्ड एवं वाणिज्यिक चुकता प्रमाण पत्र, बैंक साल्वेंसी (एक साल से पुराना न हो अनुमानित लागत का 15 प्रति मूल्य का) की मूल प्रति अवलोकनार्थ एवं तथा आवेदन सहित समस्त दस्तावेजों की नोटरी से सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत कर निर्धारित समय एवं निर्धारित शुल्क नगद राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं होगा।

(2) अमानत राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफ.डी.आर/टी.डी.आर. या डाक विभाग द्वारा जारी एम.एस.सी. के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति डोंगरगांव जिला राजनांदगांव के नाम से देय ही स्वीकार्य होगी।

(3) कार्यों से संबंधित जानकारियों एवं अन्य शर्तें दिनांक 05/08/2025 तक कार्यालयीन समय में देखी/ प्राप्त की जा सकती है जो कि इस निविदा अनुबंध का अनिवार्य भाग है एवं वरिष्ठालय के पत्र क्र. 221 दिनांक 09/06/2025 के द्वारा संलग्न अतिरिक्त शर्तें क्र. 10 एवं 11 इस निविदा शर्तो का भाग होगा।

(4) उपरोक्त कार्य हेतु यदि निविदाकार द्वारा लागु दर/ दर अनुसूची में 10 प्रतिशत कर दर से नीचे की दर कोट किया जाता है तो निविदा हेतु स्पेशल शर्तें लागु होगी। तदनुसार अंतर की राशि सचिव कृषि उपज मंडी समिति डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव में नाम एफ.डी.आर. के रूप में अनुबंध निष्पादन के पूर्व जमा करना होगा। शर्तें की प्रति निविदाओं के साथ प्रदाय की जावेगी।

(5) लिफाफा ''अ'' में ई.एम.डी. एवं शपथ पत्र, लिफाफा ''ब'' में समस्त दस्तावेजों (वैध पंजीयन, श्रम कल्याण मंडल (ई.पी.एफ)का पंजीयन प्रमाण पत्र, बैंक सालवैंसी (एक वर्ष से पुराना न हो एवं अनुमानित लागत का 15 प्रतिशत की मूल्य का) जी.एस.टी. पंजीयन, पैन कार्ड की छायाप्रति, लिफाफा ''स'' में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा ''द'' में ''अ'' ''ब'' एवं ''स'' को भरकर प्रस्तुत किया जावेगा तथा लिफाफा द में कार्य क्रमांक एवं कार्य का नाम का स्पष्ट उल्लेख करें।

**(रामगोपाल सुनहरे)**
**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति, डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव(छ.ग.)**

संवाद- 44539/3

**(नरेश लाल मंडावी)**
**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति, डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

# समाज को संगठित कर चलना अपने आप में बड़ी बात है-केदारनाथ गुप्ता

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तरप्रदेश वैश्य संघ द्वारा शहर के अग्रहरि भवन में गुरु पूर्णिमा का पर्व भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा कथा के आयोजन के साथ धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित अपेक्स के चेयरमैन केदारनाथ गुप्ता व विशेष अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, कसौधन वैश्य समाज के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गुप्ता थे। रजत जयंती वर्ष पर आयोजित इस गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ में सम्मिलित समाज श्री अग्रहरि वैश्य समाज, श्री कसौधन वैश्य समाज, श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज, श्री दोसर वैश्य समाज, श्री गहोई वैश्य समाज एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य समाज के द्वारा भगवान श्री सत्यनारायण की पूजा-अर्चना कर श्री हरि कथा श्रवण किया गया। इस दौरान आगत अतिथियों का सम्मान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संघ की मातृशक्ति के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। महिलाओं द्वारा घर से सजाकर लाई गई आरती की थाल व छोटे बच्चों के द्वारा मिट्टी के बनाए गए भगवान शिव एवं गणेश जी को पुरस्कृत किया।

इस दौरान संघ के सचिव शैलेष गुप्ता द्वारा पौराणिक प्रश्न मंच का आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक बंधुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एवं समस्त प्रश्नों का माकूल जवाब दिया। राजनांदगांव कसौधन वैश्य समाज के अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता, विवेकानंद तथा संघ के संस्थापक सी.एल गुप्ता, किशन गोपाल गुप्ता अग्रहरि वैश्य समाज के संरक्षक, श्याम चरण अग्रहरि संघ के संरक्षक, राजेश गुप्ता अग्रहरि, कसौंधन वैश्य समाज की राष्ट्रीय संयोजिका एवं संघ की नवनिर्वाचित महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आशा गुप्ता, कसौंधन वैश्य समाज प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता आदि मंचासीन थे। आगत अतिथियों का स्वागत संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता तथा संघ के पदाधिकारीगणो के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं मुख्य अतिथि के कर कमलों से संघ के दिवंगत संस्थापक सदस्यों के परिवार जनों को एवं वर्तमान संस्थापक सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

संघ के संस्थापक सदस्यों में से संघ के वर्तमान अध्यक्ष के पिताजी स्व जगन्नाथ गुप्ता (कक्का जी) दोसर, स्वर्गीय विजय कुमार अग्रहरि, स्व के पी गुप्ता यज्ञसेनी, स्व एफ सी रूसिया गहोई, स्व गिरधारी लाल अग्रहरि, स्व भूषण लाल गुप्ता, श्री अयोध्यावासी के परिवार जनों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा संघ के प्रति किए गए कार्यों का स्मरण कराया गया। उपस्थित संस्थापक सदस्य सीएल गुप्ता कसौंधन तथा किशन गोपाल गुप्ता अयोध्यावासी को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। संतोष गुप्ता (पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष) नवनिर्वाचित राष्ट्रीय संयोजिका आशा गुप्ता एवं नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष आशीष गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विशेष प्रतिभा



**श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ के द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया रजत जयंती वर्ष महोत्सव**

के लिए सुनिधि रूसिया एवं करीना गुप्ता को सम्मानित किया गया।

उद्बोधन के क्रम में स्वागत उद्बोधन सर्वप्रथम राजेश गुप्ता के द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया। श्री गुप्ता ने आगत समस्त सामाजिक बंधुओं को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया एवं संघ के द्वारा आगामी कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन में सी.एल.गुप्ता, श्याम चरण अग्रहरि, संतोष गुप्ता, राजेश गुप्ता अग्रहरि संरक्षक, सचिन बघेल ने अपने विचार व्यक्तव्य किए।

मुख्य अतिथि उद्बोधन में केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि छह समाजों को संगठित करके उसे लेकर चलना अपने आप में बहुत बड़ी बात है। वर्तमान में विघटित हो रही सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने में समाज की अहम् भूमिका होती है, वर्तमान में भटकाव के बहुत सारे मार्ग प्रशस्त हो चुके हैं। जिसे समय-समय पर समाज के ऐसे आयोजनों के माध्यम से सभी को एक मंच पर लाकर सामाजिक विकृतियों को दूर करने का यह एक अच्छा प्रयास है। ऐसे आयोजनों में समाज के बुजुर्ग वर्ग से लेकर बाल्य वर्ग तक सभी लोग एकत्रित होते हैं, आपस में एक दूसरे से परिचय का दायरा बढ़ता है एवं विचारों का आदान-प्रदान होता है। जिससे हम अपने समाज की गतिविधियों को और समाज के उत्साही तथा समाज के प्रतिभावान लोगों को पहचान पाते हैं।

उन्होंने संघ के सभी कर्मठ पदाधिकारीयों को इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। उनके द्वारा नवनिर्वाचित महिला मंडल को शपथ भी दिलाया गया। इस हर्षोल्लासित आयोजन में पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती मीना अग्रहरि संरक्षक श्रीमती माया अग्रहरि, श्रीमती सुधा देवी गुप्ता, रजनी गुप्ता, जनक बाई,शोभा, श्यामा, लक्ष्मी कमल, शकुन कैलाश, लक्ष्मी जवाहर, अग्रहरि वैश्य समाज से श्रीमति शुभ्रा, भावना, सुषमा, अल्का, प्रीति, मीरा, प्रतिभा, एकता, प्रतिमा, पूजा, नीशा, दीप्ति, वर्षा, मीनल, प्रिती, रितिका, पुजा अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, नवीन अग्रहरि, मनोज अग्रहरि, कैलाश अग्रहरि, सचिन, प्रवीण अग्रहरि, रमेश, आनंद स्वरूप, राम किशोर बब्बन, राधेश्याम, संदीप, गितेश, ज्ञानेश, योगेश, अमित, मोहनीश, गौरव राज, अंशुल, पंकज, जुगनू आदि, कसौंधन वैश्य समाज से श्रीमती अन्नू, शोभा, श्यामा, लक्ष्मी, ऊषा, एकता, अनीता, सुषमा, अंकिता, डॉ राधेश्याम, रूपनारायण, शरद दाऊ, राधे कृष्णा, हरि प्रसाद, नारायण, गोविंद नारायण, विजय गुप्ता, केशव, पंकज, विजय, रामकिशोर, श्रवण, रविश, मनोज आदि। श्री गहोई वैश्य समाज से श्रीमति मनीषा, रत्ना, रश्मि, अंजू, बबली, कैलाश हुंका, प्रकाश हुंका, सुभाष हुंका, विजय हुंका, शैलेन्द्र रुसिया आदि। अयोध्यावासी वैश्य समाज से संतोष गुप्ता रि.शिक्षक कमल किशोर, सूर्यकांत, रमेश, दुर्गा, नारायण, संतोष वकील, माखन, गोपाल, सुदर्शन, राधे, जीवन, राजेन्द्र, रामबिलास, नंद सांकरा, विमला, मंजू, पूजा, शैल, ममता, दीप्ति, मधु, दुर्गा, सुशीला, क्रांति, शैल-राजू, श्रद्धा, वसुधा गुप्ता आदि। दोसर वैश्य समाज से अनिल, हेमनारायण, संजय, कमलेश, नवीन, राकेश, कुशल, सोनल श्रीमती मीना, संतोषी, पूर्णिमा, ऋतु, मंजू, सुनीता आदि। यज्ञसेनी वैश्य समाज से श्रीमति ज्योति-माया, नवनाथ, रामू, श्रेयष, आशीष सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजिक बंधु उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव शैलेष गुप्ता ने किया।

# चेंबर की नई कार्यकारिणी गठित : अरुण डुलानी महामंत्री एवं शिव अग्रवाल कोषाध्यक्ष बनाए गए

राजनांदगांव (दावा)। चेंबर ऑफ कॉमर्स के नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश बैद ने आज चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, खूबचंद पारख एवं बलदेव सिंह भाटिया की सहमति पर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स जिला राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसके अनुसार महामंत्री अरुण डूलानी को बनाया गया, कोषाध्यक्ष शिव अग्रवाल बनाए गए। संरक्षक के रूप मे बहादुर अली, सुरेश डुलानी, संतोष अग्रवाल, मार्गदर्शक मंडल के रूप में हसमुख भाई रायचा, कोमल सिंह राजपूत, सुनील अग्रवाल, राजेश माखीजा, विजय हरिहारनो, रमेश जैन, मंशाराम मोटलानी, सौरभ कोठारी, ओमप्रकाश कांकरिया को जवाबदारी दी गई।







प्रमुख सलाहकारों में पुरुषोत्तम गांधी, रूपचंद भीमनानी, बलबीर बग्गा, विनोद बोहरा, रामकुमार गुप्ता, संतोष सावा, राजेश खंडेलवाल, अशोक मोदी, मूलचंद भंसाली, भागचंद जैन, अशोक तेजवानी, सुनील बरडिया, रईस अहमद शकील, नरेश बावरिया, अतुल जैन, ज्ञानचंद नवलखा बनाए गए। उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, राजेश बागड़ी, संजय चौपड़ा, रितेश लाल, हर्ष चित्तलांग्या, संजय तेजवानी, राजकुमार बाफना, राजेश जैन (रानू भाई)। मंत्री दीपक नवलखा, हरीश मोटलानी, विजय कांकरिया, ललित भंसाली, कृणाल शर्मा, दीपक लहरवानी बनाये गये।

**सदस्यता अभियान प्रभारी-** उत्तम चौरड़िया, सुनील कोटड़िया। सोशल मीडिया प्रभारी- सुखविंदर भाटिया, राजीव जैन। सहकोषाध्यक्ष राहुल बोहरा बनाए गए। प्रशासनिक प्रभारी-राजेंद्र बाफना, नीरज कोटडिया, कार्यक्रम प्रभारी उत्तमचंद्र गिडिया बनाये गये।

**कार्यकारिणी सदस्य** - दशरथ प्रसाद शर्मा, नथमल कोटडिया, गौरव पारख, अजय कोटडिया, जेठाभाई पटेल, अजीत जैन, जितेश पटेल, लोकेश अग्रवाल, गणेश ओस्तवाल, सुलभ अग्रवाल, जयेश परमार, दौलत रामचंदानी, कमलेश उभरानी, विजय ललवानी, रमेश कुमार बजाज, ललित सुनीत, शेख मोहम्मद, पवन पटेल, हरमेल सिंह जज, चंकी अग्रवाल, दिलीप वाधवानी, नवीन गुप्ता, रणदीप भाटिया, प्रतीक कांकरिया, अशोक पारख, विनय जैन, सुधा पवार, मंजू रानी साहू बनाए गए।

डोंगरगढ़ प्रतिनिधि के रूप में सुरेंद्र बनौवाना, मनोज अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, खैरागढ़ प्रतिनिधि के रूप में गुलाब चोपड़ा, व्यापारी मोटवानी, नरेंद्र जैन बोथरा, गंडई प्रतिनिधि रावल कोचर, छुरिया प्रतिनिधि सतवंत सिंह भाटिया, भूपेश कुमार जैन (राखेचा) डोंगरगांव प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण गुप्ता, राजीव गांधी, बांधाबाजार प्रतिनिधि हरिओम गुप्ता, मोहल्ला प्रतिनिधि मदन साहू, अजय जैन, मानपुर प्रतिनिधि ओम प्रकाश चांडक दीपेश जैन बनाए गए। चेंबर ऑफ कॉमर्स जिले के अध्यक्ष कमलेश बैद ने चैंबर की इस नई इकाई को बधाई देते हुए कहा कि समस्त व्यापारिक जगत को आशा है कि यह टीम शहर के व्यापारिक हितों की रक्षा और प्रगति हेतु सदैव तत्पर रहेगी।

# नगरीय निकाय चुनाव के प्रतिभूति राशि वापस करने की कार्रवाई प्रत्येक मंगलवार को

राजनांदगांव (दावा)। नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षद पद के लिए प्रतिभूति राशि निक्षेप करने वाले व्यक्ति को या उसके विधिक प्रतिनिधि को वापस करने की कार्रवाई प्रत्येक मंगलवार को स्थानीय निर्वाचन शाखा राजनांदगांव में की जा रही है। जमा प्रतिभूमि राशि प्राप्त करने के लिए निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से छह माह के भीतर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर पात्र अभ्यर्थी प्रतिभूति की राशि प्राप्त कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात जमा प्रतिभूति राशि शासन के पक्ष में समपहृत किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर स्थानीय निर्वाचन राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# शिक्षा किसी भी व्यक्ति, समाज, प्रदेश और देश की वह नींव है जो उसकी प्रगति को बल देता है - सांसद संतोष पांडे

**सांसद संतोष पांडे ने फीता काटकर किया शाला भवन का लोकार्पण**



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे आज डोंगरगांव विधानसभा अंतर्गत ग्राम बनहरदी स्थित शासकीय विद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण फीता काटकर किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में पूजा अर्चना कर किया गया। शाला परिवार एवं ग्रामीणों ने सांसद संतोष पांडे का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। सांसद संतोष पांडे ने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों को एवं ग्रामीण जनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी व्यक्ति, समाज, प्रदेश और देश की वह नींव है जो उसकी प्रगति को बल देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अभूतपूर्व कार्य किया जा रहे हैं। लोकार्पण समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू, वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी, रविंद्र वैष्णव, भुवन लाल साहू एवं सरपंच श्रीमती पूजा साहू एवं समस्त ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने सुरगी में जनऔषधि केंद्र का किया शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदर्श ग्राम सुरगी में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक रखी गई थी। साधारण सभा की बैठक में अस्पताल में सीसी कैमरा, पार्किंग सेट, गार्डन का बाउंड्री वॉल एवं अन्य कार्य की स्वीकृति की सहमति बनी। तत्पश्चात प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत साहू, डॉ.एन.के.टंडन, श्रीमती श्वेता बंसोड प्रभारी चिकित्सक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष लीलाधर साहू, सुकृत दास साहू, हुलासी पंच, कनक बघेल सब इंजीनियर, मेघनाथ भुआर्य, हेमंत ठाकुर, श्रीमती आर बाजपेयी, जय राय, विनय राजपूत, श्रीमती भगवती मंडावी, जन औषधि केंद्र संचालक यश साहू उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से नागरिकों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरत - जिपं सीईओ सुरुचि सिंह

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से जनसामान्य को अधिक से अधिक लाभान्वित करने की जरूरत है। यह योजना सौर ऊर्जा पर आधारित होने के साथ ही पर्यावरण मित्र है तथा इससे नागरिकों के बिजली के बिल में भी कमी आएंगी। उन्होंने विद्युत विभाग को इस योजना के संबंध में जनसामान्य को जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के संबंध में जानकारी ली तथा इसमें आ रही दिक्कतों को दूर करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कार्य में प्रदेश में राजनांदगांव जिले का पहला स्थान होने पर स्वास्थ्य विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे ही अच्छा



- साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित
- आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन कार्य में जिला पहले स्थान पर

कार्य करते रहे। उन्होंने पोट्ठ लईका पहल अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी के मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां जर्जर भवन है, वहां आंगनबाड़ी एवं स्कूल नहीं लगाएं। इसके लिए बारिश को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए कहा। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को भी मरम्मत कराने के लिए कहा। उन्होंने सभी विभागों को डीएमएफ के तहत लोकहित से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पानी उबालकर पीने के लिए जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए कहा। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वामित्व योजना अंतर्गत अभिलेख वितरण की स्थिति, भू-बंटन प्रकरणों की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएमश्री योजना, टीकाकरण सहित शासन के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# घटिया सड़क या भवन के निर्माण के लिए प्रथम दृष्टि अपराधी कौन- फडनवीस

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व नगर निगम चेयरमेन वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक फडनवीस ने कहा कि किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य के लिए संबंधित विभाग के साथ उस क्षेत्र का टेक्निकल अधिकारी जिम्मेदार है, सड़कों की गुणवत्ता को लेकर जनता की शिकायत है।



**टेक्निकल जांच अधिकारी ने कैसे बिल बनाया भुगतान के लिए अनुशंसा करने वाले भी अपराधी**

ग्रामीण हो या शहरी सड़कों के डामरीकरण को लेकर लोग परेशान हैं प्लांट से निकल रहे डामर के मटेरियल के तापमान की जांच करना जिम्मेदार टेक्निकल अधिकारी की होती है, बिछाए जा रहे मटेरियल की गुणवत्ता के साथ उसके थिकनेस पर नजर रखने की सपूर्ण जिम्मेदारी इंजीनियर की होती है ठेकेदार के काम रोकना या बंद कराने की जवाबदारी भी होती है क्या उक्त इंजीनियर ऐसा किया है। ठेकेदार के कार्य को सही साबित कर उसका बिल बनाना और भुगतान के लिए अनुशंसा कर्ता भी इंजीनियर ही होता है।

सड़क गुणवत्ता के लिए प्रथम दृष्टि देखा जाए तो जिम्मेदार विभाग और उसके इंजीनियर है। उक्त जिम्मेदारों पर पहले कार्यवाही होनी चाहिए, घटिया काम कराने वाले ही दोषी करने वालों से कही अधिक दोषी है।

# हमें स्वयं के बारे में भी जानना चाहिए- वीरभद्र मुनि

राजनांदगांव(दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य वीरभद्र (विराग) मुनि ने आज यहां कहा कि हम देश-विदेश के बारे में तो सभी जानते हैं किंतु अपने बारे में क्या जानते हैं? हमें स्वयं को जानने का प्रयास करना चाहिए और इसके लिए जरूरी है धर्म करने की अंतरंग इच्छा का होना। मुनि श्री ने कहा कि जो दृष्टि ज्ञानियों के पास है वह हमारे पास नहीं है।



**धर्म करने की अंतरंग इच्छा होनी चाहिए**

मुनि वीरभद्र(विराग) ने जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में अपने नियमित प्रवचन के दौरान कहा कि हर व्यक्ति को कुछ ना कुछ धर्म तो करना ही चाहिए। कुछ नहीं तो प्रतिक्रमण ही कर ले। गलती करने पर तत्काल माफी मांग ले। जो पाप हुए हैं उसके लिए इस काया को दंड देना चाहिए। सामायिक, वंदन, प्रतिक्रमण, पापों की आलोचना, यह सभी अनिवार्य रूप से करना चाहिए। धर्म करने के लिए पदार्थो को पूर्व क्रम से जानना आवश्यक है।

मुनि वीरभद्र ने आगे कहा कि हमारी अंतर भावना निर्मल होनी चाहिए और धर्म के प्रति श्रद्धा होनी चाहिए। जीवन में जो घटनाएं घट रही है, उन घटनाओं के घटने के पीछे का कारण जानना चाहिए। हमनें दुनिया देख ली किंतु हमसे मोबाइल नहीं छूटता। पता नहीं मोबाइल से और क्या जानने की इच्छा रहती है। संस्कार देने की पहली जिम्मेदारी परिवार के दादा-दादी और माता-पिता और परिजनों की है। इसके बाद दूसरी जिम्मेदारी धर्म गुरुओं की है। साइकिल/स्कूटर चलाते समय हम कितनी बार गिरते हैं, किंतु आखिर में हम उसे चलाना सीख ही जाते हैं। इसी तरह धर्म की राह कितनी भी कठिन क्यों ना हो आखिरकार हम आत्म कल्याण मार्ग की और बढ़ ही जाते हैं।

मुनिश्री ने कहा कि गुणवान व्यक्ति दूसरे के गुणों की अनुमोदना करता है, जबकि हम अपने ही गुणों को बखान करने में लगे रहते हैं। हमें दूसरों के गुणों की भी अनुमोदना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा शरीर किस काम का जो भगवान की आज्ञा का पालन न कर सकें। मुनिश्री ने आगे कहा कि हमें धर्म करते हुए आत्म कल्याण के मार्ग में आगे बढ़ना है और अपना जीवन सफल बनाना है।

# वात्सल्य कुटुंब की महिलाओं का हरियाली के प्रति ध्यान दिया जाना सराहनीय - मधुसूदन यादव

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण सोमवार के दूसरे दिन मंगलवार 16 जुलाई को शहर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा वात्सल्य कुटुंब के बैनर तले सहदेव नगर स्थित आक्सीजोन वाटिका में हरियाली उत्सव मनाते हुए बड़ी संख्या में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के महापौर मधुसूदन यादव थे। अध्यक्षता राजगामी संपदा के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल ने की। अतिथि द्वय ने संस्था की अध्यक्ष श्रीमती विद्या पांडे सचिव श्रीमती व कोषाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता व अन्य महिलाओं के साथ आक्सीजोन वाटिका में हवादार फलदार व फूलदार पौधों का रोपण किया। महापौर श्री यादव ने वात्सल्य कुटुंब की समाज सेवी महिलाओं के सद प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्रकृति के चारो ओर हरियाली फैलाना हम सब का कर्तव्य हो जाता है। हमारे संस्कारधानी के महिलाओं ने बड़ी मात्रा में पौधरोपण कर आज जो शहर में हरियाली बगराने का काम किया है। यह कार्य निश्चित ही सराहनीय है। श्री पटेल ने भी सावन माह में महिलाओं द्वारा पौधरोपण किए जाने को प्रशंसनीय बताया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा भी वार्ड की पार्षद श्रीमती झा, वात्सल्य कुटुंब की विद्या पांडे, आशा गुप्ता आदि की उपस्थिति में आक्सीजोन को हरियाली से आच्छादित करने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया।



**वात्सल्य कुटुंब व राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा आक्सीजोन में किया गया पौधरोपण**

इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वार्ड के जागरुक नागरिक रुबी गरचा, मोहन ढल्ला पार्षद रवि सिन्हा, वात्सल्य कुटुंब की सचिव अर्चना विमल गुप्ता, मंजू बागड़ी, श्रद्धा रेड्डी, श्रीयल पांडे, संतोषी गुप्ता, सीमा भोले, सरला पांडे, तुलसी सोनी, रचना मिश्रा अर्चना वर्मा, श्रीमती मानसी मिश्रा, दिव्या पांडे, पारस सोनी आदि समाजसेवी महिलाएं उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थितों का आभार वात्सल्य कुटुंब की सचिव अर्चना विमल गुप्ता ने की। उक्ताशय की जानकारी संस्था की आशा गुप्ता द्वारा दी गई।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**1. निविदा क्र.:** ई/16/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांग-जनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए स्टेशनों पर सुविधाओं के तहत रैंप, फिसलन रहित सुगम मार्ग, पेयजल बूथ, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, यात्री हॉल्ट स्टेशन भवन के प्रवेश द्वार पर रैंप और यात्री हॉल्ट पर पेयजल व्यवस्था और प्लेटफॉर्म के अंत में अंतर प्लेटफॉर्म स्थानांतरण के लिए मार्ग का प्रावधान। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 2,88,70,766/- **बयाना राशि:** ₹ 2,94,400/-

**2. निविदा क्र.:** ई/17/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता / डोंगरगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत पुल संख्या 340 UP,345 (UP और DN) और 352 (UP और DN) के पियर और एबटमेंट की जैकेटिंग और नींव। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,00,85,251/- **बयाना राशि:** ₹ 2,00,400/-

**3. निविदा क्र.:** ई/18/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता /डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत LHS 458 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। (2) सहायक मंडल अभियंता/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 470 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,73,51,772/- **बयाना राशि:** ₹ 3,36,800/-

**4. निविदा क्र.:** ई/19/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता / डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 456 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। (2) सहायक मंडल अभियंता/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 471 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,78,95,487/- **बयाना राशि:** ₹ 3,39,500/-

**5. निविदा क्र.:** ई/20/एनजीपी/2025-2026 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता /डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत LHS 450 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। (2) सहायक मंडल अभियंता/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LHS 457 पर कवर शेड का प्रावधान, जल निकासी व्यवस्था में सुधार आदि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 3,85,02,528/- **बयाना राशि:** ₹ 3,42,500/-

उपरोक्त निविदाओं के लिए बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **31.07.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकते है।

इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

AIM/14-71

**वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## अनमोल दावा

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## सम्पादकीय

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार बिहार में मतदाताओं का पुनः निरीक्षण योग्य

बिहार के विधानसभा चुनाव को लगभग तीन माह शेष है। इसके पहले चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता सूची पर पुनः ध्यान व जानकारी लेने का कार्य शुरू हो चुका है। स्वाभाविक रूप से चुनाव के निकटतम समय में राजनैतिक दलों जिसमें खास कर कांग्रेस व आर.जे.डी. ने विरोध व्यक्त किया है। बिहार के विभिन्न वर्गो के मतदाताओं को भी यह अव्यवहारिक व सुसंगत नहीं लग रहा है।

चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का पुनः अवलोकन व निरीक्षण करने घर-घर पहुंचने का अभियान चलाया है। फलस्वरूप मतदाता सूची में बड़ी तादात में बांग्ला देश, नेपाल और म्यांमार से भारत में घुसपैठ करने वालों के नाम सामने आए हैं। आश्चर्यजनक यह कि, मतदाता सूची में दर्ज ऐसे फर्जी लोगों के पास आधार कार्ड, वोटर, आईडी कार्ड तथा राशन कार्ड भी उनके नाम पर हैं। प्रश्न यह स्वाभाविक रूप से उपस्थित होता है कि मतदाता सूची में दर्ज ऐसे फर्जी लोगों के नामों पर आधार कार्ड, वोटर्स आईडी कार्ड तथा राशन कार्ड जारी कैसे हो गए? गैर कानूनी रूप से भारत में प्रवेश कर चुके लोगों को किसने व किस प्रकार से ये कार्डस उनको दे दिए। यह एक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। जो अपराध होने की श्रेणी में आता है। राजनैतिक दलों के द्वारा अपना वोट बैंक खड़ा करने इस प्रकार विदेशी घुसपैठियों को वोटर्स आईडी व अन्य कार्ड्स बनाने में पिछले दरवाजे से सहयोग करते होंगे, तभी ऐसा गोरखधंधा चलता है। बाद में, ऐसे फर्जी मतदाताओं को पाला पोसा भी जाता है। दुर्भाग्यजनक यह कि ऐसे घुसपैठिये भारत में प्रवेश कर विभिन्न अपराधों को भी अंजाम देते हैं। ऐसी देश विरोधी रीति-रिवाज को हर सूरत में बंद करना ही देशहित में है। क्योंकि ऐसे फर्जी निवासी देश में गुंडागर्दी और भीड़ में शामिल होकर लूटपाट मचाते हैं। यद्यपि, चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि अंतिम मतदाता सूची को सार्वजनिक करना होगा और तब उनका नाम मतदाता सूची से रद्द करना होगा। इस प्रकार, उन्हें अवैध रूप से प्राप्त मताधिकार छिन लिया जाएगा।

निःसंदेह, निर्वाचन आयोग का यह निर्णय, स्वागत योग्य है, सराहानीय है। आयोग के द्वारा मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए ''प्रमाण पेश करने की सूची का प्रावधान है। जिसमें आधार कार्ड, वोटर्स आईडी और राशन कार्ड के अधिकृत पहिचान पत्र को शामिल नहीं किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पुनः मतदाता सूची के निरीक्षण करने की याचिका की सुनवाई के समय निर्वाचन आयोग को आदेश दिया है कि अधिकृत रूप से आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को मान्य किया जावे। फर्जी मतदाताओं ने अवैध रूप से प्राप्त किए मताधिकार का उपयोग न हो सके, इसके लिए फुलप्रूफ प्रावधान का पालन आवश्यक है। आयोग ने शीघ्रातिशीघ्र इसके अमल करने के निर्देश दिए हैं। बेशक, इससे आम वैध मतदाताओं का काम अधिक सरल होगा। आधार कार्ड और राशन के मान्य दस्तावेजों की गणना नहीं करने के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं को संकट का सामना करना पड़ रहा है। न्यायालय ने मतदाता सूची का स्पेशियल इन्टेन्सिव रिविजन याने कि SIR के सामने स्टे आर्डर देने से इन्कार कर दिया है। किन्तु, जिस प्रकार चुनाव पहले ही मतदाता सूची का पुनः निरीक्षण का समय तय हुआ है, उसे लेकर भी न्यायालय ने प्रश्न खड़े किए हैं। आयोग ने कहा है कि किसी भी मतदाता की प्रस्तुति या कथन सुने बिना उनका नाम मतदाता सूची से निकाला नहीं जावेगा। अब आयोग को सचेत होकर चुनाव के समय कोई हंगामा न हो या वैध मतदाता बाहर न हो जाए, इसका ध्यान रखना होगा।

# स्वास्थ्य बनाम स्वादः समोसा और जलेबी से सावधान!



**-ललित गर्ग-**

भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई हैं। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरु हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिन्ताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केन्द्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए।

मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नम्बर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचोरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समय-समय पर देशवासियों को न केवल सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रेरित किया है, बल्कि स्वस्थ्य जीवनशैली को अपनाने का भी आह्वान किया है। हाल ही में उन्होंने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए देशवासियों से खाद्य पदार्थों में तेल की मात्रा कम करने और मोटापे जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचने की अपील की है। मोदी ने इस बढ़ती स्वास्थ्य समस्या पर चिंतन करते हुए कहा हमें अपने खान-पान में बदलाव करना होगा। कम तेल, कम नमक और कम चीनी-यही स्वास्थ्य की कुंजी है।' मोदी का आह्वान -तेल कम करें, जीवन स्वस्थ बनाएं है। क्योंकि अति तेल में तंदुरुस्ती नहीं, बीमारी का प्रवेश द्वार है। ध्यान रहे, देश में मोटापा बढ़ रहा है और इसके खिलाफ जागरूकता भी बढ़ रही है। यह भी कहा गया है कि लोग अपने भोजन में तेल को कम करके विकसित भारत बनाने में सहायक हो सकते हैं। इसी कड़ी में समोसे, जलेबी और स्वास्थ्य के लिए घातक व्यंजनों को अगर आधिकारिक रूप से निशाने पर लिया गया है, तो अचरज की बात नहीं, बल्कि वक्त की बड़ी जरूरत है।

भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल। परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गयी है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर 'तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड' लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरुआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से 'जीरो ऑयल' की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोजाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। घर में जंक फूड बंद करें, बच्चों को ताजे फल, सूखे मेवे, अंकुरित अनाज दें। रोगों से नहीं, आदतों से लड़ें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बड़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा।

मोदीजी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'फिट इंडिया मूवमेंट' सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली का संदेश है। यह देश को बीमारियों के बोझ से मुक्त करने की दिशा में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। इस आंदोलन में लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि स्वस्थ व्यक्ति ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करता है।

फिट इंडिया अभियान में ज्यादा ईमानदारी की जरूरत है और साथ ही, शुद्ध भोजन के लिए जिम्मेदार सरकारी महकमों को ईमानदारी से ज्यादा सचेत एवं सावधान होना पढ़ेगा। आज अनेक प्रकार के विदेशी व्यंजन भी बाजारों में उपलब्ध हैं, इनमें से ज्यादातर व्यंजनों में मैदा, तेल, कृत्रिम रंग और रसायन का खतरनाक उपयोग हो रहा है। ऐसा कतई नहीं लगना चाहिए कि केवल भारतीय व्यंजनों को निशाना बनाया जा रहा है। दूसरी अहम बात, खाने और बनाने वालों, दोनों को जागना होगा। अनेक हलवाइयों की दुकानों पर एक ही तेल का बार-बार प्रयोग, खराब या गलत सामग्रियों का इस्तेमाल तत्काल रुकना चाहिए। आज जरूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियाँ बीमारियों से जूझती रहेंगी। तो आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि तेल कम करेंगे, चलना बढ़ाएंगे, जीवन को लंबा और स्वस्थ बनाएंगे! विशेषतः व्यापारियों, रेस्टोरेंट मालिकों एवं हलवाइयों के लिये सरकार को कड़े प्रावधान बनाने होंगे। पैसा कमाने के चक्कर में देश के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को खुला नहीं छोड़ना चाहिए। जब दूध और पनीर की गारंटी न हो, तब हमें सोचना पड़ेगा कि केवल चेतावनी से सुधार नहीं आने वाला। गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले महकमों और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सक्रिय होना पड़ेगा, तभी हम फिट इंडिया के ख्वाब को साकार कर पाएंगे।

**प्रेषकः (ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

## विचार सरिता

# साप्ताहिक डायरीः एटीसी से काकपिट तक विमान चालन का हर क्षण अति महत्वपूर्ण है

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अहमदाबाद में 12 जून 2015 को दुर्घटनाग्रस्त हुए बोइंग 787 विमान की फ्लाइट एआई-171 के संबंध में एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो एएआईबी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान के एअर होने के तीसरे सेकंड में ही फ्यूल स्विच बंद होने की बात कही है।

विमान के एक एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर में दुर्घटना पूर्व के आखिरी क्षणों की पायलटों के मध्य बातचीत की रिकार्डिंग भी सामने आई है। इसमें विमान के ईंधन के कटऑफ होने के संबंध में दोनों पायलट अनभिज्ञता जाहिर कर रहे हैं। यह दुर्घटना तकनीकी त्रुटि या मानवीय भूल थी, इस संबंध में रिपोर्ट के अनुसार अभी किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है। इस घटना ने हवाई यात्रा में यात्रियों की सुरक्षा और बड़े जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए उड़ान से पूर्व क्लियरेंस प्राप्त करने के लिए जाँच प्रणाली को पूर्णतः त्रुटिरहित करने बार-बार जांच की आवश्यकता को बड़ी गंभीरता से उजागर किया है।

इस विमान दुर्घटना के कारणों की जाँच में विमान की कार्यप्रणाली के जो तकनीकी विवरण सामने आ रहे हैं, उनसे यह स्पष्ट है कि पायलटों द्वारा विमान का उड़ाया जाना एक अत्यंत गंभीर, कौशलयुक्त, संवेदनशील, तकनीकी रूप से दक्ष और सेकंड के हजारवें हिस्से तक का भी ध्यान रखने वाला समयबद्ध और समय नियंत्रित कार्य है। दोनों पायलटों ने आखिरी समय तक बंद हो चुके इंजनों को स्टार्ट करने की कोशिश की। विमान चालन के पेशे से जुड़े हुए सभी लोगों के अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील दायित्व के निर्वहन के लिए उनका अभिनंदन। एटीसी से कॉकपिट तक, विमान चालन का हर क्षण अति महत्वपूर्ण है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, कुम्हारी, बिल्हा, पाटन और विश्रामपुर का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना एक उपलब्धि है। स्वच्छता की अवधारणा शासकीय प्रयासों और व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक नागरिक द्वारा सहयोग किए जाने से ही साकार हो सकती है।

# निहाल मोदी की गिरफ्तारी राहतकारी

अमेरिकी अधिकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के प्रत्यर्पण अनुरोधों के आधार पर भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के छोटे भाई निहाल मोदी को गिरफ्तार कर लिया है।

निहाल (46) पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े कथित 13 हजार करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में आरोपी है। यह मामला अब तक के सबसे बड़े धोखाधड़ी मामलों में से एक है।

इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो-दोनों ने अलग-अलग आरोप पत्र दायर किए हैं, और दोनों में ही निहाल मोदी को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में निहाल का भाई नीरव मोदी और उनका रिश्तेदार मेहुल चोकसी भी आरोपी हैं।

नीरव लंदन की जेल में बंद है, और भारत में प्रत्यर्पण की कार्यवाही का सामना कर रहा है। मामले में दायर आरोप पत्र के मुताबिक, नीरव मोदी ने अपनी कंपनियों के जरिए फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग-एमओयू-जारी करके पंजाब नेशनल बैंक से करीब 6,498 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी, जबकि शेष राशि उसके रिश्तेदार ने यही तरीका अपनाते हुए हड़प ली थी।

बेल्जियम के एंटवर्प में जन्मे, पले-पढ़े तथा अंग्रेजी, गुजराती और हिन्दी में पारंगत निहाल मोदी अपने भाई नीरव मोदी की ओर से अपराध की आय को कथित रूप से वैध बनाने के लिए भारत में वांछित है। निहाल ने भारतीय वित्तीय कानूनों का उल्लंघन करते हुए फर्जी कंपनियों के जरिए बड़ी मात्रा में अवैध धन को छिपाने और स्थानांतरित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। अरसे से दोनों भारतीय एजेंसियां इन दोनों आरोपी भाइयों के साथ ही उनके रिश्तेदार मेहुल चोकसी को तलाश में थी। इसके लिए भारतीय अधिकारियों ने इंटरपोल ने 'रेड नोटिस' भी जारी कराया था ताकि आरोपियों को ढूंढने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त किया जा सके। 'रेड नोटिस' इंटरपोल द्वारा जारी किए जाने वाला अंतरराष्ट्रीय अनुरोध है, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति का पता लगा कर उसे गिरफ्तार करना है ताकि उसके खिलाफ प्रत्यर्पण, आत्मसमर्पण या अन्य कानूनी कार्यवाही की जा सके। नीरव की गिरफ्तारी भारतीय एजेंसियों के लिए राहत की बात है।

उम्मीद है कि दोनों भाइयों को भारतीय एजेंसियां अदालत में पेश करउन्हें जल्द सजा दिला सकेंगी। सरकार के लिए भी यह गिरफ्तारी राहतकारी घटनाक्रम है क्योंकि इस मामले में विपक्ष जब-तब सरकार को घेरता रहा है।

## सामयिक चर्चा

### महंगाई का एडजेस्टमेन्ट

अखबार उठाते ही
हेडलाइन पढ़कर
बानी बोले- ''गजाधर!
अगर आज मैं यह खबर न पढ़ता
तो यह जान न पाता कभी
कि तम्बाकू जितनी खतरनाक है
समोसा और जलेबी।
इसलिए सुझाव दिया गया है कि जिस तरह
तम्बाकू और सिगरेट के पैकेट पर
केंसर जैसी बीमारी को लेकर
चेतावनी जारी की जाती है उसी तरह
समोसा-जलेबी को लेकर भी
चेतावनी दी जानी चाहिए
कि समझदारी से खाएँ,
आपका भविष्य, आपको धन्यवाद देगा।
गजाधर इस पर आज आपका मन,
क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करेगा?''
गजाधर मुस्कराए, बोले- ''बानी!
हम छुट्टियों में जो समोसा जलेबी की
पार्टी किया करते थे, उसको अब बंद कर देंगे।
और इस तरह बिजली जो महंगी हुई है
उसे एडजेस्ट करने की कोशिश करेंगे।''



-गिरीश बख्शी

## कविता

### एक लोटा जल

शिवजी के पावन परब,
आगे सावन-सोमवारी।
हूम, धूप, फूल पान धरके,
चलव सबो नर नारी।
प्रसन्न होके आशीष दिही,
महाकाल त्रिपुरारी।
नाम ल एखर झन भुलावव
जीवन म एक्को पल।
एक लोटा जल,
सारी समस्या के हल।।

बेल पत्ती संग चघाबोन पानी
हरियर हो जाही हमर जिन्दगानी
ये जग तो हे जम्मो लुटईया,
देवईया हय हमर औघड़ दानी।
हर -हर भोला, हर-हर शंकर,
गावत बेद पुरान तोर कहानी।
सत के रद्दा म चलव गा संगी
छोड़ कपट अऊ छल,
एक लोटा जल.......

किसान मन ह किसानी करही,
धान चना, गहु के माढ़ही खरही।
दूध -दही के नदियां बोहाही
सुख सम्पति ले घर भरे रही,
कोनो के करिया नजर नी परही।
काल कंटक ल शिवजी टारही,
अऊ बनाही अबड़ सबल।
एक लोटा जल.......

शिव के नाम सदा सुखदाई
जपो एला सब दाई-माई
काल घलो डर्राथे एला
सुनो सबों झन बंधु - भाई।
शिव के संग, जेहर रही जाथे
जिनगी जाथे बदल ।।
एक लोटा जल,, सरी समस्या के हल।।



आनंद राम सार्वा
कु.बो. भाठागांव

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आज आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, जिसका फायदा आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। बेरोजगारों को रोजगार मिलने की पूरी संभावना है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।



**वृष राशि**

आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप बिजनेस के सिलसिले में बाहर भी जा सकते हैं। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर भी आ सकते हैं। लवमेट आज अपने पार्टनर को सरप्राइज दे सकते है। आज पूरा समय परिवार वालों के साथ बिताने के लिये भी प्लान कर सकते हैं।



**मिथुन**

आज का दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपके सारे बिगड़े हुए काम आज पूरे हो सकते है। आज आपके लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।



**कर्क**

आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। व्यापार में थोड़ी-सी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपके बच्चे आपके व्यापार में पूरा सपोर्ट करेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, इसलिए धैर्य के साथ काम करें। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।



**सिंह**

आज का दिन खुशहाल रहने वाला है। आर्किटेक के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज अच्छा अवसर मिल सकता है। किसी अच्छी जगह आपकी जॉब भी लग सकती है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें।



**कन्या**

आज किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। संगीत और कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज फिल्म इंडस्ट्री से आपको ऑफर भी मिल सकता है। घर में लक्ष्मी के रूप में नए मेहमान के आने की खुशी में छोटीङ्कसी पार्टी हो सकती है। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के चांस बन रहे है।



**तुला**

आज के दिन मन में नएङ्कनए विचार आ सकते है, जिससे आज आप कोई नयी क्रिएटिविटी कर सकते है। राजनैतिक के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके सीनियर्स आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। साथ ही आपके पड़ोसी भी आपकी तारीफ करेंगे।



**वृश्चिक**

आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। अगर आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे करने में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।



**धनु**

आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं, तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है।



**मकर**

आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा भी हो सकता है। आज किसी नये काम में पैसा लगाने से आपको दो गुना धनलाभ हो सकता है। आज कोर्ट-कचहरी के मामले से दूर रहें तो आपके लिए अच्छा होगा। इस राशि के कर्मचारियों के लिए आज दिन अच्छा है।



**कुंभ**

आज का दिन धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आप आपकी धार्मिक यात्रा भी हो सकती है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम का विरोध करेंगे तो कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे। स्टूडेंट को आज अपनी पढ़ाई में बदलाव करने के लिए टाइम-टेबल में चेंजेस करने की जरूरत है।



**मीन**

आज का दिन उत्तम रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी अच्छी पोस्ट पर हो सकता है। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका समय परिवार वालों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही कहीं बाहर घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं।

# शॉपिंग काम्प्लेक्स के पाथवे पर कब्जा एवं अवैध निर्माण तथा बिना अनुमति क्रय विक्रय पर कार्रवाई जिला प्रशासन करेगा

अंबागढ़ चौकी (दावा)। नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के एक मात्र शॉपिंग कांप्लेक्स में पाथवे पर कब्जा कर दुकान का संचालन तथा बिना अनुमति अवैध निर्माण एवं पंजीकृत दुकानों को बिना अनुमित क्रय विक्रय से जुड़े मामले का निर्णय अब नगरीय निकाय ने जिला प्रशासन पर छोड़ दिया है। सामान्य सभा ने जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट व निर्णय आने के बाद ही इस विषय में परिषद द्वारा निर्णय लेने का प्रस्ताव पास किया है। नगर में पिछले कुछ महिने से नगर के शॉपिग काम्प्लेक्स में अवैध निर्माण एवं बिना अनुमति खरीद फरोख्त का निर्णय गर्माया हुआ है। 9 जुलाई को नगर पंचायत की सामान्य सभा में इस मुददे को लेकर परिषद के सदस्यों के मध्य तीखी बहस भी हुई।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने सामान्य सभा की बैठक में बताया की इस मामले की शिकायत मीडिया से जुड़े प्रतिनिधियों एवं नागरिकों की ओर से हाल ही में सम्पन्न हुई छग शासन के सुशासन तिहार में शिकायत की गई है। शिकायत की जांच जिला प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। ऐसे में जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट व निर्णय सामने आ जाए इसके बाद ही इस मामले में विधि विशेषज्ञों से रायशुमारी कर परिषद द्वारा फैसला लिया जाएगा। नगर पंचायत की परिषद के निर्णय लिए जाने से पहले प्रशासन का रूख एवं निर्णय सामने आना आवश्यक है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा की चूकिं शॉपिंग काप्लेक्स नगर पंचायत की सम्पत्ति है लेकिन मामले में सुशासन तिहार में शिकायत की गई है इसलिए पहले हम प्रशासन की रिपोर्ट एवं निर्देश के बाद ही आगे कुछ फैसला लेंगे।




**नगर पंचायत की सामान्य सभा ने अपना निर्णय जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट एवं निर्देश की प्रतीक्षा तक टाला**

प्रियदर्शिनी शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण दो दशक पूर्व हुआ है। इस व्यवसायिक परिसर में कुल 19 दुकाने है। बस स्टैन्ड में प्राइम लोकेशन में स्थित इन दुकानों को लेकर आए दिन शिकायते सामने आती रहती है। नगर पंचायत में नई सरकार बैठने से पहले ही यंहा शॉपिंग कांप्लेक्स के पाथवे पर दुकानदारों द्वारा अवैध कब्जा कर शटर लगाकर दुकान संचालन करने की शिकायते की गई है। इसकी शिकायत छग शासन के सुशासन तिहार में भी की गई है। जिला प्रशासन इन शिकायतों की जांच भी करा रही है। इसलिए सामान्य सभा में नगर पंचायत परिषद ने पहले इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा निर्णय की प्रतीक्षा करने की बात कही।

शॉपिंग कांप्लेक्स के निर्माण के बाद तात्कालिन नगर पंचायत परिषद ने इन दुकानों की नीलामी कराई थी और सफल बोलीदार को दुकान आबंटित कर इन दुकानों का विधिवत रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीयन भी कराया था। नगर पंचायत परिषद और सफल बोलीदार के मध्य हुए इकरारनामा के आधार पर कोई भी दुकानदार अपनी दुकानों को बिना अनुमति के क्रय विक्रय नही कर सकता है और न ही बगैर अनुमति के किसी तरह का निर्माण कार्य कर सकता है। लेकिन शिकायत की गई है की कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकान गैर पंजीकृत इकरारनामा के आधार पर पर क्रय विक्रय कर दिया है।

सामान्य सभा में शॉपिंग काप्लेक्स के दुकानों व पाथवे के किराया को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ के मध्य तीखी बहस हो गई। सीएमओ पाथवे पर वर्तमान बाजार मूल्य एवं प्रचलित दर के अनुसार किराया निर्धारण के लिए सुझाव पेश कर रहे थे। यदि सीएमओ के इस सुझाव को परिषद प्रस्ताव पास कर देती तो पाथवे का किराया परिसर की दुकानो से कई गुणा अधिक हो जाती। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस सुझाव को अव्यवहारिक बताया। उन्होने कहा की ऐसे में तो दुकान का किराया सौ रूपए एवं पाथवे का किराया पांच सौ हो जाएगा। ऐसी स्थिति में परिषद का निर्णय असंगत व अव्यवहारिक हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने निकाय के अधिकारी को पहले इस संदर्भ में कलेक्टर की जांच रिपोर्ट एवं निर्देश प्राप्त कर इसे परिषद की आगामी बैठक में दोबारा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# एकलव्य विद्यालय भवन शिफ्टिंग में लापरवाही पर पालकगण आक्रोशित



अंबागढ़ चौकी (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मानपुर, जो वर्तमान में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास अंबागढ़ चौकी में संचालित हो रहा है, का नवीन भवन एवं छात्रावास ख्वास फड़की (मानपुर) में पूर्ण रूप से तैयार हो चुका है। भवन में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक फर्नीचर जैसे टेबल, बेंच, बेड आदि भी पहुंच चुका है। उल्लेखनीय है कि इस नवीन भवन का वर्चुअल उद्घाटन 15 नवम्बर 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। इसके बावजूद विद्यालय को अब तक नवीन भवन में स्थानांतरित नहीं किया गया है, जिससे पालकगण में भारी रोष व्याप्त है। पालकों का आरोप है कि आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर एवं कनेक्शन हेतु बिजली विभाग को अब तक डिमांड ही नहीं भेजी गई है, जिसके कारण भवन उपयोग में नहीं आ सका।

**21 जुलाई से धरना की चेतावनी**

पालक संगठन ने इस विषय में कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी और पहले आश्वासन भी मिला कि शीघ्र कार्यवाही की जाएगी, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। पालकों ने मीडिया से चर्चा में बताया कि वर्तमान में एकलव्य विद्यालय अंबागढ़ चौकी स्थित छात्रावास में मोहला और मानपुर के दोनों ब्लॉकों के विद्यार्थियों के साथ संचालित हो रहा है, जिससे छात्रों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और उनकी पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस विषय में अब तक चार बार कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की जा चुकी है, परंतु किसी प्रकार की संतोषजनक कार्यवाही नहीं हुई है। पालकों की मांग है कि यदि नवीन भवन किसी कारणवश तत्काल उपयोग में नहीं लाया जा सकता तो कम से कम विद्यालय को अस्थायी रूप से मानपुर स्थित पोस्ट मैट्रिक छात्रावास में ही स्थानांतरित कर दिया जाए, जिससे छात्रों को राहत मिल सके। आज दिनांक 15 जुलाई को सांसद संतोष पाण्डेय (लोकसभा, राजनांदगांव) के मोहला आगमन के दौरान पालकों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सांसद पाण्डेय ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। पालक संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 20 जुलाई 2025 तक विद्यालय का स्थानांतरण नवीन भवन या अस्थायी रूप से मानपुर में नहीं किया गया, तो 21 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय मोहला में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## पहला कॉलम...

### टैलेंट हंट का कार्यक्रम संपन्न



डोंगरगढ़(दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे इंस्टिट्यूट डोंगरगढ़ द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती की अनुमति पर टैलेंट हंट का कार्यक्रम दिनांक 13 जुलाई को किया गया। जिसमें सभी रेल कर्मचारीयो व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा भी इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए । इस कार्यक्रम में संस्था के सभी पदाधिकारी एवं मुख्य कल्याण निरीक्षक नागपुर देवेंद्र कुमार साखरे एवं संस्था के मुख्य सलाहकार हरिहर राणा एवं संगलप राय, अजय कुमार निगम, एस वेंकट स्वामी, एस सत्यम, स्वामी राम रतन यादव, रमाकांत साहू, रमेश गुलाब, एस डी पांडा, बी एच वेंकट, सत्यनारायण, योगेश कुमार, हरदह रमाकांत डोंगरे, तारेंद्र बनोटे उपस्थित रहे व सभी प्रतिस्पर्धाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल दिया गया।

### प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा युवा नेता संदीप सिंह की घर वापसी



डोंगरगढ़ (दावा)। राज्य कार्यालय राजीव भवन, शंकर नगर, रायपुर द्वारा भेजे गए संगठनात्मक आदेश में कहा गया है कि युवा नेता संदीप सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव ग्रामीण जिनको पूर्व में संगठन से पद से निष्कासित किया गया था। उनका निष्कासन को रद्द किया जाता है।हम आशा करते है की आप पुनः छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के लिए संगठन के प्रति पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार आयोजित



ठेलकाडीह (दावा)। 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल जीसील दिवस के उपलक्ष्य में 'मेरा युवा भारत' एवं आर्सेटी बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वाधान में 'एआई और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें माय भारत के स्वयंसेवक एवं आर्सेटी स्किल सेंटर के प्रतिभागी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अमित मिश्रा निदेशक आरआईटी बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा युवाओं को अपने व्यक्तिगत कौशल को और मजबूत करने और नई कौशल को सीखने के लिए प्रेरित किया गया, साथ ही एआई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं एआई को रोजमर्रा के दैनिक जीवन में इस्तेमाल करने की जानकारी प्रदान किया गई। रोहित मिश्रा वरिष्ठ संकाय समन्वयक आर्सेटी द्वारा युवाओं को केंद्र सरकार के विभिन्न कौशल विकास से संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं डिजिटल साक्षरता का क्या महत्व है उसके विषय में जानकारी प्रदान की गई एवं रोहित कुमार प्रशिक्षक द्वारा आर्सेटी सेंटर पर चल रहे मोबाइल रिपेयरिंग के संबंधित जानकारी प्रदान की गई। माय भारत के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा द्वारा कार्यक्रम का सुचारू रूप से आयोजन किया गया। इसके उपरांत एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के अंतर्गत परिसर में युवाओं द्वारा पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### ग्राम गठुला में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गठुला में रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए है।

# शराब के नशे में पकड़ा गया प्रधानपाठक, स्कूल में जांच में जुटा विभाग

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ जिले के ब्लाक ग्राम देवरी में शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। ग्राम देवरी के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ प्रभारी प्रधानपाठक रेशमलाल बेरवंशी को विद्यालय समय के दौरान शराब के नशे में धुत्त पाया गया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मंगलवार को यह मामला प्रकाश में आया, जब ग्राम सरपंच तेजराम वर्मा ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) नीलम राजपूत और डायल 112 को इसकी सूचना दी।



**112 की मदद से स्कूल से पकड़ा गया शिक्षक, मेडिकल जांच जारी**

बीईओ के निर्देश पर गठित निरीक्षण दल ने 112 टीम के सहयोग से प्रधानपाठक को स्कूल से हिरासत में लेकर खैरागढ़ थाना पहुंचाया। देर शाम सिविल अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि शिक्षक नशे में था या नहीं।

**बीईओ चुप, डीईओ अनभिज्ञ**

**० बीईओ ने की कार्रवाई, प्रधान पाठक गिरफ्तार**
**० डीईओ बोले, मुझे जानकारी नहीं दी गई**

जब बीईओ नीलम राजपूत से इस मामले में प्रतिक्रिया मांगी गई, तो उन्होंने केवल इतना कहा कि वे संवैधानिक स्थिति के कारण सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कह सकतीं। वहीं इस कार्रवाई की सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी को पूरे दिन चले घटनाक्रम की कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा मामले की जानकारी मंगवाई जा रही है।। जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**गांव में रोष, बच्चों के भविष्य पर सवाल**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक ओर सरकार शिक्षण गुणवत्ता को सुधारने में करोड़ों खर्च कर रही है, वहीं ऐसे शिक्षक स्कूल को नशे का अड्डा बना रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसे शिक्षक पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था की गरिमा बनी रहे।

**क्या शिक्षा विभाग अब जागेगा?**

यह मामला न केवल एक शिक्षक की लापरवाही का है, बल्कि यह प्रशासनिक समन्वय की कमी और जिम्मेदारी की सतही समझ को भी उजागर करता है। सवाल यह है कि क्या केवल निलंबन पर्याप्त होगा, या फिर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षक को दृढ़ अनुशासनात्मक उदाहरण बनाकर पेश किया जाएगा?

# सावन मास में संबलपुर में गुरु माता साध्वी समाहिता दीदी का भव्य आगमन

**आज सुबह 10 बजे होगा स्वागत समारोह, शिष्य और ग्रामवासी करेंगे गुरु पूजा**



राजनांदगांव (दावा)। पवित्र सावन मास में डोंगरगांव ब्लॉक के संबलपुर में गुरु माता साध्वी समाहिता दीदी जी का आगमन 16 जुलाई, बुधवार को प्रातः 10 बजे होने जा रहा है। इस अवसर पर राम जानकी जनकल्याण समिति, संबलपुर के सभी ग्रामवासियों द्वारा गुरु माता जी का भव्य स्वागत किया जाएगा।

समिति अध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने बताया कि राम जानकी जनकल्याण समिति ने आगमन की भव्य तैयारी की है। सभी शिष्यों और ग्रामवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में गुरु पूजन समारोह में शामिल होकर गुरु माता साध्वी समाहिता दीदी जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। समारोह में गुरु माता जी के सान्निध्य में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। सभी ग्रामवासियों और शिष्यों से अनुरोध है कि वे समय पर उपस्थित होकर इस पावन अवसर का लाभ उठाएं और गुरु माता जी के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करें।

# ऋण पुस्तिका गुम होने का झूठा रिपोर्ट दर्ज करवाकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। सुकुलदैहान चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में ऋण पुस्तिका गुम होने का फर्जी रिपोर्ट दर्ज करवाकर आधार कार्ड से नवीन पर्चा पट्टा तैयार कराकर प्रार्थियां के नाम से रजिस्ट्री दिनांक को फर्जी तरीके से प्रार्थिया के स्थान पर दूसरी महिला को खड़े कर प्रार्थियां की 1.61 हेक्टेयर कृषि ज़मीन को 6,70,000 रुपया में अन्य जगह बेच कर धोखाधड़ी करने वाले को गिरफ्तार किया है।

**प्रार्थियां के ही रिश्तेदार निकले सभी आरोपी**

उक्त सभी आरोपी प्रार्थिया के ही रिश्तेदार निकले। पुलिस ने उन सभी आरोपियों को धारा 420, 467, 468, 120(ब), 34 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशिल रिमांड पर भेजा दिया गया है।

सुकुल दैहान चौकी प्रभारी मनीष धुर्वे ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाकर प्रार्थियां की कृषि ज़मीन को अन्य जगह बेचकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपीगणों की गिरफ़्तारी हेतु लगातार लापता तलाश किया जा रहा था, इसी तारतम्य मे सोमवार 15 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिली कि प्रकरण के आरोपी हीरोबाई महिलांगे पति दीनदयाल 51साल, पुराणिक मारकंडे पिता नैनदास 50 साल अपने-अपने घर ग्राम लिटिया एवं सुकुलदैहान में छुपे हुए है। इस सूचना पर तत्काल टीम गठित कर आरोपियों के निवास स्थान पर जाकर उन्हें पुलिस अभिरक्षा में चौकी लाकर पूछताछ करने पर दोनों के द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ़्तारी के कारणों से अवगत कराकर जुर्म आजमानतीय होने से धारा 3(1), 5(ब) बीएनएस का चेक लिस्ट भरकर गिरफ़्तारी की सूचना उनके परिजनों को देकर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी श्री ध्रुवे सहित सउनि. चंपेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक चन्द्रभूषण सिन्हा, आरक्षक अजय जोशी, महिला आरक्षक किरण कश्यप की सराहनीय भूमिका रही।

# शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु थाना डोंगरगढ़ में ली गई शांति समिति बैठक



डोंगरगढ़ (दावा)। शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु थाना डोंगरगढ़ में शांति समिति की बैठक में सभी समाज वर्ग के प्रमुख जन के अलावा एसडीएम, एसडीओपी डोंगरगढ़ सहित नगर पालिका अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं सभी समाज वर्ग के लोगों को धार्मिक/साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने की अपील की गई।

**मूर्ति स्थापना के लिए लेनी होगी नगर पालिका से अनुमति**

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में पुलिस द्वारा बताया गया कि, डोंगरगढ़ शहर में धार्मिक/साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मंगलवार 15 जुलाई को थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना परिसर में सर्व सामाज धर्म के प्रमुखों का शांति समिति का बैठक आहूत की गई थी। बैठक में शहर में धार्मिक/साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित हुये सम्मानित समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर शांति पूर्वक साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखते हुये सभी समुदाय धर्म का बिना किसी के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाये व बिना किसी लड़ाई-झगड़ा, बिना मारपीट, बिना हुड़दंग किये, किसी के धर्म के प्रति बिना कोई अभद्र टिप्पणी किये सभी धर्म का सम्मान करने एवं किसी उत्सव को सभी मिलकर सर्व धर्मसम्भाव से मनाने की अपील की गई। साथ ही बैठक में प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों से संवेदनशील धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की गई।

बैठक में डोंगरगढ़ शहर में वार्ड स्तर पर वार्ड समिति बनाकर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। शहर में प्रशासन व नगरपालिका को बिना सूचना दिए मूर्ति स्थापित करने के संबंध में एसडीएम डोंगरगढ़ द्वारा आगामी दिनों में एक रूपरेखा तय करने हेतु आश्वासन दिया गया।

# स्वच्छता सामग्री की सप्लाई के नाम से लाखों कमाने की तरकीब पर कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने अंकुश लगाया

डोंगरगढ़ (दावा)। जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव ने सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाया है कि सत्ता सरकार के दम पर भाजपा के दलाल, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के अंतर्गत आने वाले एक सौ दो ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के सामान का वितरण बिना किसी प्रस्ताव, बिना किसी विज्ञापन और दबावपूर्ण तरीके से कर दिया गया है। जिसमें मनमाना बिल लगाकर ग्राम पंचायतों से अवैध वसूली की प्लानिंग की गई है, जो पूर्ण रूप से अवैध और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

मीडिया से चर्चा के दौरान जनपद सदस्य गुलशन लिलहरे और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने बताया कि भ्रष्टाचार का दूसरा मामला सुशासन तिहार को लेकर है। सत्तारूढ़ दल के दलालों द्वारा सभी ग्राम पंचायतों से 5000 रुपये के वसूली का मामला अभी पंचायतों में सामने आया है, जहाँ पर सुशासन तिहार मानने के लिए जनता के पैसों का उपयोग हो रहा है। जो पूर्ण रूप से आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता है। जो राशि जनता के दैनिक उपयोग हेतु सरकार द्वारा जारी होती है, उसका प्रशासन और शासन द्वारा सीधा सीधा दुरुपयोग किया जा रहा है।



**० सामान्य परिषद की बैठक में आपत्ति के बाद, मीडिया को दी गई जानकारी**
**० जनपद पंचायत चढ़ा भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की भेंट - प्रीति वैष्णव जनपद सदस्य**

साधारण सभा की बैठक के दौरान कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने सभा में उपस्थित कृषि विभाग के जिम्मेदार कर्मचारी से जानना चाहा कि किसानों को दिए जाने वाले बीज के गुणवत्ता की गारंटी कौन देगा। इस पर कृषि विभाग की ओर से उपस्थित कर्मचारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि किसानों को बीज पसंद नहीं है तो वह ना ले। इस प्रकार बीज की गारंटी लेने से कृषि विभाग के कर्मचारी ने मना कर दिया। शासन द्वारा किसानों को दिए जा रहे गुणवत्ता रहित बीज और खाद की कमी को लेकर कांग्रेस के जनपद सदस्यों से बैठक के दौरान पुरजोर विरोध दर्ज कराया। मीडिया से चर्चा के दौरान कांग्रेस के आठ जनपद सदस्यों में जनपद सदस्य प्रीति वैष्णव, गुलशन लीलहरे, प्रदेश महामंत्री युवा कांग्रेस नरेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य रामेश्वर कंवर उपस्थित रहे।

**भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस के तीन सदस्यों का मौन धारण सत्तारूढ़ दल के लिए बना संजीवनी**

ग्राम पंचायत में नियम विरुद्ध किए जा रहे स्वच्छता सामग्री के वितरण को लेकर कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने साधारण सभा की बैठक के पूर्व एक राय होकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करने की बात कही थी। किंतु बैठक के दौरान और बैठक के बाद कांग्रेस के कुछ सदस्य सत्तारूढ़ भाजपा के जनपद सदस्यों के समर्थन में दिखे। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मात्र तीन जनपद सदस्य और एक जनपद सदस्य प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

# शहर में शांतिभंग होने की अंदेशा पर 2 व्यक्ति के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही




डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है।

इसी अभियान के तहत आज 15 जुलाई को थाना क्षेत्र में शांति भंग करने वाले 02 व्यक्ति के विरूद्ध संज्ञेय अपराध घटित होने की अंदेशा पर धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। प्रतिबंधित किए गए आरोपियों में नवीन शेण्डे पिता ज्ञानदास उम्र 25 साल निवासी वार्ड नं. 09 संजय नगर, खेमचंद पाटिला पिता बुआराम पाटिला उम्र 39 साल निवासी ग्राम मुसराखुर्द थाना डोंगरगढ़ शामिल है।

# पहला कॉलम...

## स्कॉट बोलैंड ने रचा इतिहास, पिंक बॉल टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बने

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने किंग्सटन में खेले गए सीरीज के तीसरे और आखिरी टेस्ट में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को 176 रन से हराया। कंगारू टीम के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने इस मैच में ऐतिहासिक कारनामा कर दिखाया। दरअसल, उन्होंने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के दौरान हैट्रिक ली और वह पिंक बॉल टेस्ट में ऐसा कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज बने। आइए उनकी गेंदबाजी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं। बोलैंड ने वेस्टइंडीज की पहली पारी के दौरान 13.1 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें 34 रन देते हुए 3 सफलताएं हासिल की थी। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में 2 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 2 रन देते हुए 3 विकेट लिए। इस बीच उन्होंने 1 ओवर मेडन किया। कैरेबियाई टीम की दूसरी पारी में उन्होंने जस्टिन ग्रीव्स (11), शमर जोसेफ (0) और जोमेल वारिकन (0) के विकेट लगातार गेंदों पर चटकाए। बोलैंड ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट में हैट्रिक लेने वाले कुल 10वें गेंदबाज बने। वह अब फ्रेड स्पॉफोर्थ (बनाम इंग्लैंड, 1879), ह्यू ट्रंबल, (बनाम इंग्लैंड, 1902 और 1904 में 2 हैट्रिक), जिमी मैथ्यूज (बनाम दक्षिण अफ्रीका, 1912, एक ही टेस्ट में 2 हैट्रिक), लिंडसे क्लाइन (बनाम दक्षिण, 1958), मर्व ह्यूज (बनाम वेस्टइंडीज, 1988), डेमियन फ्लेमिंग (बनाम पाकिस्तान, 1994), शेन वॉर्न (बनाम इंग्लैंड, 1994), ग्लेन मैकग्राथ (बनाम वेस्टइंडीज, 2000), और पीटर सिडल (बनाम इंग्लैंड, 2010) की सूची में शामिल हुए। बोलैंड ने 2021 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने अब तक 14 टेस्ट की 27 पारियों में 16.53 की औसत के साथ कुल 62 विकेट लिए हैं। इस बीच उन्होंने 2 पारियों में 5 विकेट हॉल लिए हैं। उन्होंने 1 टेस्ट मैच में कुल 10 विकेट (दोनों पारियों को मिलाकर) लेने का कारनामा भी किया है। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी करियर में 428 विकेट लिए हैं।

## 114 वर्षीय मैराथन धावक का सड़क दुर्घटना में निधन, पीएम मोदी ने जताया शोक

चंडीगढ़,15 जुलाई। अनुभवी मैराथन धावक फौजा सिंह की सोमवार को पंजाब के जालंधर में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई. वह 114 वर्ष के थे. उनके निधन की पुष्टि लेखक खुशवंत सिंह ने की, जो पंजाब के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त थे और उन्होंने फौजा सिंह पर %द टर्बन्ड टॉरनेडो% शीर्षक से एक जीवनी भी लिखी थी.

जालंधर के एक पुलिस अधिकारी ने भी फौजा सिंह की मृत्यु की पुष्टि करते हुए कहा कि वह ब्यास गांव में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी. फौजा सिंह के सिर में चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम को उनकी मौत हो गई. जालंधर के आदमपुर पुलिस स्टेशन के एसएचओ हरदेवप्रीत सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक, जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है, फरार हो गया. लेकिन चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फौजा सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया. पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, फौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के तरीके के कारण असाधारण थे. वह अविश्वसनीय दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे. उनके निधन से मुझे बहुत दुख हुआ. मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं. 1911 में एक किसान परिवार में जन्मे, फौजा सिंह चार भाई-बहनों में सबसे छोटे थे. वे सौ वर्ष की उम्र में मैराथन पूरी करने वाले पहले एथलीट बने और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए कई रिकॉर्ड भी बनाए. फौजा सिंह ने वृद्धावस्था में मैराथन दौड़ना शुरू किया और अपनी सहनशक्ति और एथलेटिक क्षमता के कारण उन्हें टर्बन्ड टॉरनेडो का उपनाम मिला. वे 1990 के दशक में इंग्लैंड चले गए और बाद में पंजाब स्थित अपने पैतृक गांव में रहने लौट आए.

## मिचेल स्टार्क ने तोड़ा 78 साल पुराना रिकॉर्ड, मुरलीधरन को पीछे छोड़ बनाए कई कीर्तिमान

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करवा लिया है. स्टार्क ने ऑस्ट्रेलिया की ओर से वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट मैच खेलते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं. आज हम आपको उनके बारे में बताने वाले हैं. मिचेल स्टार्क सबसे कम गेंदों में 5 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए. स्टार्क ने 15 गेंदों में टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 5 विकेट हासिल किए हैं. इसके साथ ही उन्होंने अपने हमवतन एरनी टोशैक को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने 1947 में इंडिया के खिलाफ 19 बॉल में 5 विकेट हासिल किए थे. मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे सबसे तेज (कम गेंदों में) गेंदबाज बन गए हैं. स्टार्क ने अपना 400 टेस्ट विकेट 19062 गेंदों में पूरे किए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन 16634 बॉल में 400 विकेट पूरे कर पहले स्थान पर बने हुए हैं. इसके साथ ही मिचेल स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के लिए 400 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले चौथे गेंदबाज बन गए हैं. मिचेल स्टार्क अपने 100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत गेंदबाजी प्रदर्शन करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए है.

# जडेजा चौथी पारी में सर्वाधिक गेंदे खेलने वाले दूसरे बल्लेबाज, तीसरी बार बुमराह ने खेली 50+ गेंदें

लंदन। इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टेस्ट में 22 रन से हरा दिया। सोमवार को तीसरे सत्र में लॉर्ड्स टेस्ट का नतीजा निकला, जिसमें इंग्लैंड ने जीत का स्वाद चखा। इस मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लगभग छह घंटे तक बल्लेबाजी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। इस दौरान उन्हें जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का साथ मिला।

### चौथी पारी में सर्वाधिक गेंदें खेलने वाले दूसरे भारतीय

36 वर्षीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भारत की दूसरी पारी में 181 गेंदों का सामना किया और 61 रन बनाकर नाबाद रहे। इसी के साथ जडेजा ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह लॉर्ड्स में चौथी पारी में सबसे गेंदें खेलने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया। धोनी ने साल 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ इस मैदान पर चौथी पारी में 159 गेंदें खेली थीं। इस मामले में शीर्ष पर अजीत अगरकर हैं, जिन्होंने 2002 में 190 गेंदें खेली थीं।



यूं तो बुमराह तेज गेंदबाज हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी के जरिये भी योगदान देते हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने भारत की दूसरी पारी में सोमवार को किया। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बुमराह ने विकेट पर 1.30 घंटे से अधिक समय बिताया। इस दौरान उन्होंने जडेजा के साथ 132 गेंदों में 35 रनों की साझेदारी की। इस दौरान अनुभवी खिलाड़ी ने कुल 54 गेंदों का सामना किया। लॉर्ड्स में बुमराह ने दूसरी पारी 50 से ज्यादा गेंदें खेलीं। इससे पहले उन्होंने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ एक पारी में 64 गेंदें खेली थीं। वहीं, तीसरी बार ऐसा हुआ है जब बुमराह ने एक पारी में 50 से ज्यादा गेंदें खेली हैं। इससे पहले 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ ही उन्होंने धर्मशाला टेस्ट में 64 गेंदों का सामना किया था।

### 170 के स्कोर पर सिमटी भारतीय पारी

भारत की दूसरी पारी झटके के साथ शुरू हुई। कुल पांच के स्कोर पर जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को विकेट के पीछ जेमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। वह खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोर्चा केएल राहुल और करुण नायर ने संभालने की कोशिश की। दोनों ने कुछ अच्छे शॉट्स खेले और दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों में 36 रन जोड़े। ब्रायडन कार्स ने इस साझेदारी को तोड़ दिया। उन्होंने नायर को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 33 गेंदों में एक चौके की मदद से 14 रन बनाकर पवेलियन लौटे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कप्तान शुभमन गिल पहली पारी के बाद दूसरी पारी में भी कुछ बड़ा कारनामा करने से नाकाम रहे। उन्हें भी कार्स ने ही एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद बेन स्टोक्स ने नाइट वॉचमैन के तौर पर आए आकाश दीप को बोल्ड कर दिया। वह 11 गेंदों में सिर्फ एक रन बना पाए।

दूसरे दिन का खेल 58/4 के स्कोर से शुरू हुआ। पहले सत्र में टीम ने तीन विकेट गंवाए। लंच से पहले भारत ने ऋषभ पंत (9 रन), केएल राहुल (39 रन) के विकेट गंवाए। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर खाता नहीं खोल सके। फिर नीतीश (13) भी पवेलियन लौटे। तीसरे टेस्ट का नतीजा तीसरे सत्र में आया। एक वक्त लग रहा था कि दूसरे सत्र के खत्म होने तक इस मैच का नतीजा निकल आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दूसरे सत्र की शुरुआत रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की साझेदारी से हुई। उस वक्त जडेजा 17 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे और भारत को जीत के लिए 81 रनों की जरूरत थी। करीब 1॰30 घंटे तक क्रीज पर डटे रहने के बाद बुमराह आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने अपना शिकार बनाया। उन्होंने बुमराह को सैमुअल कुक के हाथों कैच कराया। नौवें विकेट के लिए बुमराह ने जडेजा के साथ 132 गेंदों में 35 रन जोड़े।

बुमराह के बाद जडेजा को सिराज का साथ मिला। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए 80 गेंदों में 23 रन जोड़े। सिराज का विकेट गिरते ही भारत की जीत की उम्मीदें समाप्त हो गईं। इंग्लैंड के स्पिनर शोएब बशीर ने 75वें ओवर की पांचवीं गेंद ऑफ ब्रेक डाली, जिसे सिराज ने डिफेंड किया। लेकिन गेंद पिच पर गिरने के बाद बैक स्पिन हुई और स्टंप्स से जाकर टकरा गई। इस तरह आउट होने के बाद सिराज भावुक हो गए और मैदान पर अफसोस जताते नजर आए। वह चार रन बना पाए जबकि जडेजा 181 गेंदों में 61 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने 150 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का 25वां अर्धशतक पूरा किया।

# गंभीर की कोचिंग में दूसरी बार हुआ ऐसा, 200 से कम के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई भारतीय टीम

लंदन। लॉर्ड्स टेस्ट में भारतीय टीम की हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की कोचिंग एक बार फिर सवालों के घेरे में है। हैरानी की बात यह है कि उनकी कोचिंग में भारत दूसरी बार 200 से कम के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका। साल 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में टीम इंडिया 147 रनों के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई थी। इससे पहले पांच ऐसे मौके रहे हैं जहां भारतीय टीम 200 से कम के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई।



### लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रन से हारा भारत

लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और पहली पारी में 10 विकेट पर 387 रन बनाए। उनके लिए जो रूट ने 104 और जेमी स्मिथ व ब्रायडन कार्स ने क्रमशः 51 और 56 रनों की पारियां खेलीं। इसके बाद भारत ने भी 10 विकेट पर 387 रन ही बनाए। उनकी तरफ से केएल राहुल ने 100, ऋषभ पंत ने 74 और रवींद्र जडेजा ने 72 रनों की पारियां खेलीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए और भारत के सामने 193 रन का लक्ष्य रखा, जिसे भारतीय टीम हासिल नहीं कर पाई और 170 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 25 रन से मिली थी मात

पिछले साल मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया था और पहली पारी में डेरिल मिचेल की 82 रनों की पारी की बदौलत 235 रन बनाए। इसके बाद भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन बनाए और 28 रन की बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 174 रन बनाए और भारत के सामने 147 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में टीम इंडिया सिर्फ 121 रन ही बना पाई थी और ऑलआउट हो गई थी। तीन टेस्ट मैचों की यह सीरीज भारत 0-3 से हारा था।

### जब 120 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई थी भारतीय टीम

ये तो रही गंभीर की कोचिंग की बात। अब नजर डालते हैं उस अनचाहे रिकॉर्ड पर जिसमें भारतीय टीम 120 रन के छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए 81 रन पर सिमट गई थी। 1997 में वेस्टइंडीज की टीम ने भारत के सामने 120 रन का लक्ष्य रखा था, लेकिन टीम इंडिया 81 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी और ब्रिजटाउन टेस्ट में वेस्टइंडीज ने 38 रनों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ 2015 में 176 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई थी। 2018 में भी ऐसा ही हुआ और बर्मिंघम टेस्ट में भारत 194 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाया था।

# लंदन में किंग चार्ल्स III से मिलीं भारतीय पुरुष और महिला टीमें



लंदन। भारत की पुरुष और महिला टीमें इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर हैं। एक तरफ जहां शुभमन गिल के नेतृत्व में पुरुष टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली रही है तो दूसरी तरफ हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली महिला टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज खेल रही है। इससे पहले टीम ने इंग्लैंड को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-2 से मात दी थी। मंगलवार को दोनों टीमों ने किंग चार्ल्स तृतीय से लंदन स्थित सेंट जेम्स पैलेस में मुलाकात की। किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात पर टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलकर बहुत अच्छा लगा और उन्होंने हमें फोन करके बहुत ही उदारता दिखाई। हमारी बातचीत काफी अच्छी रही। किंग चार्ल्स तृतीय ने हमें बताया कि पिछले टेस्ट मैच में जिस तरह से हमारा आखिरी बल्लेबाज आउट हुआ, वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण था, गेंद स्टंप्स पर लग रही थी... हमने उनसे कहा कि यह हमारे लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण मैच था और इसका नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था। उम्मीद है कि अगले दोनों मैचों में हमारी किस्मत अच्छी रहेगी। लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच पर टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने कहा, जिस तरह से दोनों टीमों ने खेला, उन्होंने बहुत जोश दिखाया।

# सांसद कंगना बोलीं- मंडी की मुश्किल सीट निकालने के बाद लगा था मंत्री बनूंगी, खर्च हो जाती है पूरी सैलरी

मंडी। मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपने एक पुराने साक्षात्कार को लेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस साक्षात्कार में उन्होंने राजनीति में अपनी भूमिका, मंत्री पद की अपेक्षा और सांसद के तौर पर आ रही चुनौतियों पर खुलकर बात की है।



एक न्यूज चैनल को हाल ही में दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जैसा मेरा प्रोफाइल है और जिस पेशे से मैं आती हूं, मैं एक फिल्म निर्माता, निर्देशक और लेखिका हूं। मेरे पास देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्मश्री है। मैंने एक बहुत ही मुश्किल सीट जीती थी। मेरे योगदान को देखते हुए मुझे लग रहा था कि मैं मंत्री बनूंगी और कोई विभाग मिलेगा। कैबिनेट में कई मंत्री फर्स्ट टाइमर मंत्री हैं।

कंगना ने कहा कि उन्हें बतौर सांसद काम करने में मजा नहीं आ रहा। भाजपा ने टिकट देते कहा था कि 60 से 70 दिन काम करना है। इसके बाद अपना काम करती रहना। कंगना ने ईमानदार रहते हुए राजनीति में बने रहने को महंगा शौक बताया और कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में जनता के बीच जाने में उनकी पूरी सैलरी खर्च हो जाती है।

कंगना ने यह भी कहा कि उन्हें आशा थी कि उन्हें मंत्री बनाया जाएगा, क्योंकि उनका योगदान काफी ज्यादा था। सांसद के तौर पर मेरा एक साल शानदार रहा है। मैं मंडी के अब तक के सभी पूर्व सांसद को चैलेंज करती हूं। मेरी अटेंडेंस और लोकसभा में पूछे गए प्रश्न सभी से ज्यादा हैं। मैंने सदन में बिजली, डिजास्टर (मौसम से तबाही) जैसे मसले उठाए हैं।

# एयर इंडिया ने दो महीने के लिए रोकी अहमदाबाद से गैटविक की उड़ान, अब लंदन के ही थ्रो जाएगी फ्लाइट

नई दिल्ली। एअर इंडिया ने सोमवार को घोषणा की कि वह 1 अगस्त से 30 सितंबर 2025 तक अहमदाबाद से लंदन गैटविक के लिए सीधी उड़ान को अस्थायी रूप से निलंबित कर रही है। इसके बजाय यह उड़ान अब लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट के लिए संचालित होगी। यह फैसला एअर इंडिया की तरफ से सेफ्टी पॉज के तहत उड़ानों की समीक्षा और सुरक्षा जांच के बाद लिया गया है। 12 जून को एआई171 फ्लाइट से जुड़े एक दुखद हादसे के बाद एअर इंडिया ने अपनी बोइंग 787 विमानों की अतिरिक्त जांच करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कुछ उड़ानों को अस्थायी रूप से रोका था।



### 1 अगस्त से शुरू होगी कुछ उड़ानों की बहाली

एअर इंडिया ने अपने बयान में कहा, 1 अगस्त से कुछ उड़ानों की बहाली शुरू होगी, जो जुलाई की तुलना में ज्यादा होगी। पूरी तरह से उड़ान संचालन की बहाली 1 अक्तूबर 2025 से की जाएगी। एअर इंडिया ने बताया कि पाकिस्तान और मिडिल ईस्ट (मध्य पूर्व) के ऊपर के हवाई क्षेत्र में जारी प्रतिबंधों की वजह से विमानों की उड़ान समय भी बढ़ गया है। इसी कारण से उड़ान संचालन में बदलाव किए गए हैं। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी बुकिंग की स्थिति और अपडेट के लिए एयर इंडिया की वेबसाइट या कस्टमर केयर से संपर्क करें। एअर इंडिया की तरफ से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि, एयर इंडिया ने आज उन उड़ानों की आंशिक बहाली की घोषणा की है, जिन्हें 12 जून 2025 को एआई 171 की दुखद दुर्घटना के बाद लिए गए सुरक्षा विराम के तहत कम कर दिया गया था। 1 अगस्त से 30 सितंबर तक, एअर इंडिया अहमदाबाद और लंदन (हीथ्रो) के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी, जो वर्तमान में अहमदाबाद और लंदन (गैटविक) के बीच संचालित पांच साप्ताहिक उड़ानों का स्थान लेगी। एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 171, जो अहमदाबाद से लंदन जा रही थी, उड़ान भरने के तुरंत बाद एक इमारत से टकरा गई।

**निको इण्डस्ट्रीज का मामला उठा....**

का उल्लंघन करना पाया गया है। जिसमे कारखाना अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, संविदा श्रमिक अधि., वेतन भुगतान अधिनियम, समान पारिश्रमिक अधिनियम, उपादान भुगतान अधिनियम, श्रम कल्याण निधि अधिनियम आदि के जाँच में अनियमितता के संबध प्लांट प्रबंधन द्वारा 03 दिनों के भीतर दिए गए जवाब से विभाग संतुष्ट होकर फाइल को नस्तीबद्ध कर दिया गया। ऐसे खानापूर्ति कार्यवाहियों से प्लांट प्रबंधनों की मनमानी बढ़ गई है। जायसवाल निको प्लांट का ऑक्सीजन प्लांट अति जर्जर एवं बेमरम्मति अवस्था में है, ऐसी घोर लापरवाहियां श्रमिकों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ है। जिसके लिए विधायक के माँग पर मंत्री द्वारा जाँच कराने का आश्वासन दिया।

**शराब घोटाला: लखमा ने खटखटाया....**

अधिकारियों की पदस्थापना में प्रभाव, टेंडर प्रक्रियाओं में विकृति और नगद लेन-देन की एक समानांतर व्यवस्था स्थापित कर पूरे विभागीय तंत्र को भ्रष्टाचार के माध्यम से संचालित किया गया। एसीबी ने अपने चार्जशीट में कहा है कि, मंत्री के संरक्षण में विभागीय अधिकारियों, सहयोगियों और ठेकेदारों के माध्यम से सुनियोजित घोटाले को अंजाम दिया गया। कमिशन के रूप में अर्जित राशि को अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों के लिए उपयोग कर भारी मात्रा में असम्यक लाभ अर्जित किया गया। एसीबी ने स्पेशल कोर्ट को बताया कि अब तक की विवेचना में कवासी लखमा को 64 करोड रुपये आबकारी घोटाले के फलस्वरूप उनके हिस्से में प्राप्त होना प्रमाणित हुआ है। जिसमें 18 करोड़ रुपये के अवैध धन राशि के निवेश- खर्च संबंधी दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।

**तेंदूपत्ता बोनस घोटाला: ईओडब्लू ने....**

शरीफ, सीएच रमना (चिटटूरी), सुनील नुप्पो, रवि कुमार (रवि कुमार गुप्ता), आयतू कोरसा, मनोज कवासी, राजशेखर पुराणिक उर्फ राजू, बी.संजय रेड्डी) के विरूद्ध विशेष न्यायालय दंतेवाड़ा में लगभग 4500 पन्नों का चालान पेश किया। उल्लेखनीय है कि, बस्तर क्षेत्र के घोर नक्सल एवं अति संवेदनशील आदिवासी बहुल क्षेत्र में तेंदूपत्ता वहां के निवासियों की आजीविका का अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। इसके माध्यम से वे अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं। प्रकरण की विवेचना अंतर्गत मड़ईगुड़ा, गोलापल्ली, किस्टाराम, जगरगुण्डा, चिंतलनार, चिंतागुफा, भेज्जी, कोंटा तथा पोलमपल्ली के दूरस्थ अंदरूनी एवं पहुंचविहीन मार्गों में जाकर ग्रामीणों से पूछताछ करने पर ग्रामीणों ने बोनस स्कीम के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की और प्रकरण में महत्वपूर्ण साक्ष्य दिए। इस मामले में अन्य 09 समितियों के संबंध में जांच जारी है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**उत्तराखंड में बड़ा हादसा: पिथौरागढ़ में....**

कि दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिला प्रशासन को घायलों के उचित उपचार हेतु निर्देश दिए हैं, सभी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूं। जनपद पिथौरागढ़ के मुवानी क्षेत्र में वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों को यह असीम कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिला प्रशासन को प्राथमिक तौर पर हादसे का कारण स्टेयरिंग लॉक होना बताया जा रहा है। डीएम ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने आपातकालीन कोर कमेटी की बैठक बुलाई। उन्होंने पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन और अन्य संबंधित अधिकारियों को भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

**भारतीय सेना टिप्पणी केस: राहुल गांधी का....**

से परे और भ्रामक था। उनका कहना है कि ऐसे बयान से सैनिकों के मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ा और उनके परिवारों की भावनाएं भी आहत हुईं। भारतीय सेना ने अपने बयान में कहा था कि चीन के सैनिकों ने भारतीय सीमा में प्रवेश करने का प्रयास किया था, लेकिन भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। झड़प में दोनों देशों के कुछ सैनिकों को मामूली चोटें आईं, हालांकि भारतीय सैनिकों की सक्रियता के चलते चीन की सेना को पीछे हटना पड़ा। भारतीय सेना पर की गई टिप्पणी को लेकर कोर्ट ने राहुल गांधी को पेश होने का आदेश दिया था। पिछली 5 सुनवाई के दौरान राहुल हाजिर नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने राहुल को समन जारी किया था। राहुल के वकील प्रांशु अग्रवाल ने मंगलवार को राहुल की पेशी पर छूट की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया था। राहुल कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने उन्हें थोड़ी देर बाद जमानत दे दी।

**पुराने वोटरों की दोबारा न पहचान कराएं....**

वोटर लिस्ट में सुधार और नए नाम जोड़ना होना चाहिए, न कि नागरिकता की जांच। इसके लिए फील्ड अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं। नाम दर्ज है तो मान्यता है का सिद्धांत लागू हो- अगर कोई व्यक्ति पहले से वोटर लिस्ट में दर्ज है, तो उसे दोबारा अपनी पात्रता साबित करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, जब तक कोई ठोस वजह न हो। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए पार्टी ने कहा कि नाम हटाने से पहले जांच जरूरी है और सबूत देने की जिम्मेदारी वोटर की नहीं, बल्कि अधिकारी या आपत्ति करने वाले की होनी चाहिए। वक्त से पहले SIR की शुरुआत हो- चूंकि आंध्र प्रदेश में अगला विधानसभा चुनाव 2029 में है, इसलिए विशेष सघन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को जल्द शुरू किया जाए, ताकि पर्याप्त समय मिल सके और पारदर्शी तरीके से काम हो सके।

माइग्रेशन को ध्यान में रखा जाए- राज्य में बड़ी संख्या में लोग खासकर ग्रामीण और तटीय इलाकों से अन्य जगहों पर जाते हैं। ऐसे में मोबाइल बीएलओ टीमें लगाई जाएं और अस्थायी पते वाले लोगों को भी वोटर लिस्ट में शामिल किया जाए।

नाम हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी हो- अगर किसी का नाम हटाना है, तो उसका कारण साफ बताया जाए और उस व्यक्ति को जवाब देने का मौका दिया जाए। हर साल सीएजी के तहत तीसरे पक्ष द्वारा वोटर लिस्ट का ऑडिट हो। एआई टूल्स का इस्तेमाल कर डुप्लीकेट नामों को रीयल टाइम में पकड़ा जाए। ईपीआईसी कार्ड की डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए आधार कार्ड का इस्तेमाल किया जाए और एक व्यक्ति को एक यूनिक वोटर आईडी दी जाए। स्याही आधारित सत्यापन की जगह बायोमेट्रिक मॉडल अपनाया जाए। हर इलाके में स्थानीय स्तर पर शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था हो। बीएलए सभी मान्यता प्राप्त पार्टियों से नियुक्त किए जाएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे। जिला स्तर पर वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और हटाने की जानकारी सार्वजनिक की जाए और एक रियल-टाइम डैशबोर्ड बनाया जाए। हर महीने राजनीतिक दलों के साथ बैठकें हों, खासकर डीईओ और ईआरओ स्तर पर। प्रवासी मजदूरों, आदिवासी समुदायों, बुजुर्गों और बेघर लोगों के लिए विशेष नामांकन अभियान चलाए जाएं। अस्थायी पते पर भी वोटर लिस्ट में नाम जुड़ सके, इसके लिए मूल दस्तावेजों के आधार पर अनुमति दी जाए।

**आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना होगा..**

संप्रभुता और सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब चीन के की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) परियोजना की वैश्विक आलोचना हो रही है, क्योंकि इस परियोजना को कई देशों की संप्रभुता की अनदेखी और पारदर्शिता की कमी के रूप में देखा जाता है। जयशंकर ने यह भी कहा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात अस्थिर हैं और ऐसे समय में क्षेत्रीय सहयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, आज हम एक ऐसे समय में मुलाकात कर रहे हैं, जब वैश्विक व्यवस्था में भारी उथल-पुथल है। पिछले कुछ वर्षों में हमने अधिक संघर्ष, प्रतिस्पर्धा और दबाव देखे हैं। आर्थिक अस्थिरता भी साफ दिख रही है। हमारे सामने चुनौती है कि हम वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करें, विभिन्न खतरों को कम करें और मिलकर उन समस्याओं का समाधान करें जो हमारे सामूहिक हितों के लिए खतरा हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया अब बहुध्रुवीय बनती जा रही है। ताकत केवल कुछ देशों तक ही सीमित नहीं है। एससीओ जैसे समूहों का उभरना भी इसका उदाहरण है। विदेश मंत्री ने कहा, हम वैश्विक मामलों को कितनी अच्छी तरह प्रभावित कर पाते हैं, यह इस पर निर्भर करेगा कि हम एक साझा एजेंडा पर कितनी एकजुटता से काम कर पाते हैं। इसका मतलब है कि सभी को साथ लेकर चलना होगा। उन्होंने एससीओ के भीतर सहयोग और भागीदारी को और गहरा करने का भी आग्रह किया।

**केंद्र सरकार ने समोसा और....**

जोखिमों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके। सरकार ने इसके जरिए लोगों में स्वस्थ खानपान की आदत और ज्यादा शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की भी बात कही थी, ताकि वे ज्यादा फल, सब्जी और कम वसा वाला खाना खाएं और शक्कर वाले पेय पदार्थ या उच्च-वसा वाले स्नैक्स को भी कम करें। आगे की पड़ताल में हमें प्रेस सूचना ब्यूरो फैक्ट चेक की एक पोस्ट मिली। यह पोस्ट 15 जुलाई 2025 को साझा की गई है। पोस्ट में समोसा जलेबी पर लेबल लगाने वाले दावे का खड़न किया गया है। पोस्ट में बताया गया है कि स्वास्था मंत्रालय की ओर ऐसी कोई एडयवायजरी जारी नहीं की गई है। आगे की पड़ताल के लिए हमने अमर उजाला की न्यूज टीम से संपर्क किया। यहां हमें स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी को लेकर एक रिपोर्ट मिली। यह रिपोर्ट 14 जुलाई को प्रकाशित की गई थी। रिपोर्ट में बताया गया था, ÷भारत में तेजी से बढ़ते मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई पहल की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे खाने की चीजों में कितनी तेल और चीनी होती है, यह ऑयल और शुगर बोर्ड के जरिए साफ-साफ दिखाएं। स्वास्थ्य मंत्रालय चाहता है कि दफ्तरों, स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में खाने की वस्तुओं में छुपे हुए तेल और चीनी की मात्रा की जानकारी दी जाए। इसके लिए एक बोर्ड या डिजिटल पोस्टर लगाया जाए जो लोगों को यह जानकारी दे और उन्हें स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करें।

# खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत सरकार के अधिकारियों ने किया आकांक्षी जिला राजनांदगांव का निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। भारत शासन द्वारा गठित द्विसदस्यीय निरीक्षण दल में शामिल निदेशक खाद्य एंव सार्वजनिक वितरण विभाग भारत शासन राकेश कुमार मीणा तथा अनुभाग अधिकारी बजट खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग भारत शासन शिव कुमार द्वारा आकांक्षी जिला राजनांदगांव के सार्वजनिक वितरण प्रणाली अतंर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान, धान खरीदी केन्द्र एवं भारतीय खाद्य निगम डिपो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनाज के भण्डारण, रख-रखाव एवं पीडीएस केन्द्रों तक आपूर्ति की संपूर्ण प्रकिया की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई।



निरीक्षण दल द्वारा राजनांदगांव शहर के महिला स्वसहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान मोतीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित हितग्राहियों से खाद्यान्न की उपलब्धता व वितरण के संबंध में नियमित व समय पर दुकान खुलने, फोर्टीफाईड चावल, खाद्यान्न दर एवं मात्रा की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित राशन कार्डधारी श्रीमती लक्ष्मी यादव ने बताया कि संचालित योजनाओं से संतोषजनक सेवाएं दी जा रही है। निरीक्षण दौरान उपस्थित खाद्य अधिकारी श्री रविन्द सोनी एवं खाद्य निरीक्षकों को शासकीय उचित मूल्य दुकान के सतत निरीक्षण एवं फोर्टीफाईड चांवल के समुचित प्रचार-प्रसार हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने बताया कि 1 अगस्त 2024 से देश के सभी पीडीएस केन्द्रों में फोर्टीफाईड चावल का वितरण किया जा रहा है। जिसमें आयरन, फोलिक एसिड एवं विटामिन बी 12 जैसे आवश्यक पोषक तत्व सम्मिलित है। यह योजना देश को कुपोषण से मुक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निरीक्षण दल द्वारा धान खरीदी केन्द्र सेवा सहकारी समिति भानुपरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल के अधिकारियों ने धान बेचने वाले कृषकों से चर्चा की। कृषकों ने बताया कि 35 एकड़ पंजीकृत रकबा में 735 क्विंटल धान विक्रय किया गया है। कृषकों द्वारा समय पर समर्थन मूल्य के भुगतान होने पर एवं मोबाइल एप्प के माध्यम से टोकन सुविधा लागू करने पर शासन का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण दल द्वारा रायपुर नाका स्थित भारतीय खाद्य निगम का निरीक्षण किया गया। गोदाम उपलब्धता एवं चावल की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। निरीक्षण दल द्वारा एफसीआई प्रांगण में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा आकांक्षी जिला राजनांदगांव के भ्रमण में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान, धान खरीदी केन्द्र एवं भारतीय खाद्य निगम डिपो में शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण दौरान खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम अशोक रेड्डी, गुणवत्ता प्रबंध नरेश कोतलवार, गुणवत्ता प्रबंध भारतीय खाद्य निगम सुरेन्द्र रहगडाले उपस्थित थे।

# जीवन में जैसे माँ जरूरी है, वैसे ही वृक्षों की छाया



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव आज ग्राम-बाटगांव में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर 1400 से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। साथ ही इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू व जिला पंचायत सभापति किरण बारले भी उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि, हम सबके जीवन मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, मां हर दुःख सहकर भी अपने बच्चों का पालन पोषण करती है, हर मां अपने बच्चों पर हर स्नेह लुटाती जन्मदात्री मां का यह प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता। प्रधानमंत्री श्री मोदी का सोचना है कि अब हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं लेकिन और कुछ कर सकते हैं।

**बाटगांव में 1400 से अधिक पौधारोपण किया गया**

इसी सोच में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है इस अभियान का नाम है 'एक पेड़ मां के नाम'। मैं सभी से अपील करती हूं कि हम सभी को अधिक से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण किया जाना चाहिए व वृक्ष लगाने लोगों को प्रेरित भी करना चाहिए। पेड़ लंबे समय तक प्रदूषण मुक्त वातावरण की कुंजी हैं क्योंकि वे ऑक्सीजन प्रदान करने, हवा की गुणवत्ता में सुधार, जलवायु सुधार, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण और वन्य जीवन का समर्थन करने के लिए जिम्मेदार हैं। इन सभी कारणों से वर्तमान परिदृश्य में वृक्षारोपण आवश्यक हो गया है क्योंकि प्रदूषण चरम पर है। कुछ हद तक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं। इस अवसर पर अश्विनी मुकेश साहू जनपद सदस्य, नरेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष, नागेश्वर यदु रक्तविकार, जनक साहु महामंत्री व ललित साहू महामंत्री, आशा यदु संरपच, उपसरपंच योगेश वर्मा साथ ग्राम के पंचगण व वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# एक पेड़ माँ के नाम की प्रेरणादायी पहल, जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किया वृक्षारोपण

खैरागढ़ (दावा)। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम कोटरा में किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। ग्राम कोटरा पहुँचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए, देशभर में चल रही 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल को सराहा और इसे अपनाने की अपील की।



### वृक्षारोपण के साथ देखभाल का भी संदेश

विक्रांत सिंह ने कहा कि वृक्ष लगाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है, उसकी देखभाल करना। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति यदि अपनी माँ के नाम एक वृक्ष लगाए और उसकी सुरक्षा करें, तो हर क्षेत्र हरा-भरा हो सकता है। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा को भावी पीढ़ीयों के लिए जरूरी बताया।

### सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

विक्रांत सिंह ने इस अवसर पर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि कैसे आमजन इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को सुधार सकते हैं। ग्रामीणों को योजनाओं की प्रक्रिया के बारे में भी मार्गदर्शन दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में अपना योगदान दिया। सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

### 'एक पेड़ माँ के नाम - प्रकृति को समर्पित एक भावनात्मक पहल'

कार्यक्रम में 'एक पेड़ माँ के नाम' की अवधारणा ने सभी को गहराई से प्रभावित किया। यह पहल न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि सामाजिक चेतना और पारिवारिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करती है। इस आयोजन के माध्यम से ग्राम कोटरा ने पर्यावरण जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया कि जब जनता और शासन मिलकर प्रयास करें, तो हर गांव हरा-भरा और स्वच्छ बन सकता है।

### विभिन्न जनप्रतिनिधियों की सहभागिता

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश जंघेल, सुमरीत जंघेल, दुष्यंत जंघेल जनपद सदस्य, नेहरू जंघेल जनपद सदस्य प्रतिनिधि, संजय धुर्वे सरपंच प्रतिनिधि, गोल्वेंद्र, मंगल, एवन यादव, चंद्रभान लोधी, रघुवीर लोधी, जागेश्वर जंघेल, देवेन्द्र, धुर सिंग, मुकासी, गुलाल, दानी जंघेल, शिवनंद सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम स्थल पर वृक्षारोपण किया और हरियाली बढ़ाने के संकल्प को दोहराया।

# राजनांदगाँव महानगर झेरिया यादव समाज जन्माष्टमी पर निकलेगा भव्य शोभायात्रा

राजनांदगाँव (दावा)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव की राजनांदगाँव महानगर इकाई द्वारा ईष्टेव भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकली जायेगी। रविवार को समाज के प्रमुख पदाधिकारी ने बैठक आयोजित कर उक्त निर्णय लिया।

समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जमातपारा स्थित श्री कृष्ण राधा मंदिर सांहड़ा देव से भजन मंडली, बाजे-गाजे और राउत नृत्य के साथ विभिन्न मोहल्ले से युवकों द्वारा श्री कृष्ण लीलाओं पर आधारित चलित झंकियों का प्रदर्शन भी किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न वार्डों में बैठक लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जायेगा। बैठक में समाज के अध्यक्ष गरीबाराम यादव, महामंत्री सुदेश यादव, दुर्गेश यादव, कृष्णा यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव, प्रमुख सलाहकार महेश यादव, सचिव पूनाराम यादव, कोषाध्यक्ष राजेश यादव आदि उपस्थित थे।

# बिहान से महिलाएं बन रही सक्षम एवं सशक्त




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आर्थिक दृष्टिकोण से सक्षम एवं सशक्त बन रही हैं और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए है। संघर्ष एवं चुनौतियों के बावजूद महिलाओं के सपने को पंख देने एवं उनके घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर कार्य करने का हौसला मिला है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से महिलाओं की तकदीर बदली है और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति उनमें जज्बा एवं जुनून है। इसकी एक बानगी राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम तिलई की लखपति दीदी श्रीमती कुसुम साहू ने पेश की है। उन्होंने बताया कि वे एक घरेलू महिला है। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनके पति वाहन चलाने का कार्य करते थे और घर के आय का यही एकमात्र साधन था। उन्होंने बताया कि वे माँ भवानी महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत 2 लाख रूपए का ऋण लिया और अगरबत्ती के निर्माण एवं पैकेजिंग का लघु उद्यम प्रारंभ किया। जिससे उन्हें प्रतिमाह 3 हजार रूपए की शुद्ध आय हुई। इसके बाद उन्होंने पुनः सीएलएफ राशि के तहत 2 लाख 50 हजार रूपए का ऋण लेकर श्री साहू साड़ी रेडिमेड वस्त्रालय प्रारंभ किया। जिससे उन्हें प्रतिमाह 10 से 15 हजार रूपए तक की शुद्ध आय हो रही है। उन्होंने बताया कि उनकी वार्षिक आय लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए है तथा वह इस दुकान का विस्तार करना चाहती है।

- ० लखपति दीदी श्रीमती कुसुम साहू रेडिमेड कपड़ा दुकान एवं अगरबत्ती निर्माण व पैकेजिंग से बनी सफल उद्यमी
- ० आर्थिक स्थिति बनी मजबूत, जीवन स्तर में आया परिवर्तन

लखपति दीदी श्रीमती कुसुम साहू ने बताया कि बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। आर्थिक स्थिति तो अच्छी हुई और जीवन स्तर में भी परिवर्तन आया है। अपने बच्चों को वह अच्छी शिक्षा दे पा रही है। उनका बेटा जेईई की तैयारी कर रहा है और उनकी बेटी नर्सिंग की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि अपना पक्का मकान बना लिया है। बिहान से जुड़ने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और वित्तीय दृष्टिकोण से साक्षर बन रही है। उल्लेखनीय है कि शासन की लखपति दीदी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समूह की महिलाओं को विभिन्न आजीविका मूलक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने में कारगर साबित हो रही है।

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत निर्माण कार्यो की समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण कार्यों के लिए दिए निर्देश



खैरागढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना एवं समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूलों में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा बैठक जिला पंचायत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मैकाल सदन में आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन में तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत 281 निर्माण एवं मरम्मत कार्य स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 58 कार्य प्रगतिरत हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए जिला पंचायत के सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और शीघ्र पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। वनांचल क्षेत्रों में जनपद पंचायत के तकनीकी सहायकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसकी गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए सीईओ ने प्रशंसा की। साथ ही, सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्वीकृत नवीन कार्यों की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने कहा गया, वहीं जिन विद्यालय भवनों की स्थिति जर्जर है, उनके प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए। खैरागढ़ विकासखंड अंतर्गत शाला क्रमांक 1 में स्थित बीआरसी कार्यालय के मरम्मत कार्य की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए सीईओ ने भवन में रखी अप्रचलित पुस्तकों के लिए एक समिति बनाकर सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नीलम राजपूत, छुईखदान रमेन्द्र डड़सेना, जनपद पंचायत एवं नगरपालिका के सीएम ओ नरेश वर्मा सहित अधिकारी, समग्र शिक्षा के एपीसी, बीआरसी सुजीत चौहान, तकनीकी सहायक तथा शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में कृषि चौपाल के आठवें एपिसोड का प्रसारण, किसानों ने सीखा समेकित कीट प्रबंधन



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'कृषि चौपाल' के आठवें एपिसोड का प्रसारण 12 जुलाई को दोपहर 2 से 3 बजे तक कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में किया गया। इस एपिसोड में विभिन्न फसलों के समेकित नशीजीव प्रबंधन (Integrated Pest Management - IPM) विषय पर केंद्रीय वैज्ञानिकों ने विस्तृत चर्चा की, जिसे देशभर के किसानों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से देखा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल और दीर्घकालिक कीट नियंत्रण उपायों के प्रति जागरूक करना था।

0 समेकित नशीजीव प्रबंधन : एक बहुआयामी पद्धति

कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय वैज्ञानिकों ने समेकित नशीजीव प्रबंधन की अवधारणा को सरल भाषा में समझाया। वैज्ञानिकों ने बताया कि यह एक बहुआयामी पद्धति है। जिसमें यांत्रिक, सांस्कृतिक, जैविक और रासायनिक नियंत्रण उपायों का मिलाकर उपयोग किया जाता है। इससे नशीजीवों पर प्रभावी नियंत्रण तो होता ही है। साथ ही पर्यावरण और पारिस्थितिक संतुलन भी बना रहता है। इसका मुख्य उद्देश्य कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को रोकना है। जिससे फसल की गुणवत्ता और किसान की आय सुरक्षित रहे। यह पद्धति न केवल टिकाऊ खेती को बढ़ावा देती है, बल्कि मिट्टी और जल को भी प्रदूषित होने से बचाती है।

0 राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली एप की जानकारी

वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली ऐप के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित यह एप कीटों और रोगों की समय पर पहचान करने, खरपतवार की पहचान करने, फसल नुकसान की रोकथाम करने, रोग एवं कीट प्रसार की मैपिंग करने और किसानों में जागरूकता लाने में मदद करता है। कार्यक्रम प्रसारण के अंत में कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के प्रक्षेत्र प्रबंधन आशीष गौरव शुक्ला ने रासायनिक दवाओं के उपयोग को कम करने संबंधी जानकारी दी। इस महत्वपूर्ण 'कृषि चौपाल' कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने उपस्थित होकर लाभ उठाया।

# नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों को विष्णु लोधी ने दी शुभकामनाएं, समाजसेवा को बताया सर्वोच्च कर्तव्य

**पद समाज के विश्वास का प्रतीक है, निजी नहीं सामूहिक हित का माध्यम हो - विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी रविवार को राजधानी रायपुर में रायपुर जिला लोधी क्षत्रिय समाज कांपा लोधी पारा में आयोजित लोधी समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में बतौर अतिथि शामिल हुए। अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विष्णु लोधी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, ÷यह केवल एक पद नहीं, बल्कि समाज के विश्वास, परंपरा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का उत्तरदायित्व है।

उन्होंने कहा कि लोधी समाज की पहचान केवल संख्या से नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और संघर्ष की परंपरा से होती है। 'अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी की वीरता हमारे रक्त में है, और हमें उस परंपरा को हर मंच से आगे बढ़ाना चाहिए।विष्णु लोधी ने कहा कि आज समाज को संगठित करने, युवाओं को दिशा देने, माताओं-बहनों को सम्मान व सुरक्षा देने, तथा किसानों और मजदूरों को सशक्त बनाने का अवसर इन पदों के माध्यम से मिला है।उन्होंने अपने भाषण में सभी पदाधिकारियों से आह्वान कर कहा कि, पद तो आज आपके पास है, लेकिन समाज का विश्वास हर दिन फिर से अर्जित करना होता है।उन्होंने यह भी कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब हम इश्क छोड़ सहयोग को अपनाएं और व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर सशक्त, संगठित और सम्मानित समाज के निर्माण में जुटें। अंत में, विष्णु लोधी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमें मिलकर ऐसा उदाहरण प्रस्तुत करना है, जिसे आने वाली पीढ़ियां गर्व से याद करें।



### रायपुर जिले के नवनिर्वाचित महिला/पुरूष पदाधिकारियों का कराया शपथ ग्रहण

कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं स्वागत सम्मान के पश्चात क्रमशः रायपुर जिला के 6 सर्किलों के नवनिर्वाचित महिला-पुरूष पदाधिकारियों को एक साथ शपथ ग्रहण करवाया गया, जिसमें पहाड़ी लोधी पारा, रामनगर, गोगांव, उरला अछोली, स्टेशन लोधीपारा, कांपा लोधी पारा थे। तत्पश्चात रायपुर जिला के केंद्रीय कमेटी के निर्वाचित जिलाध्यक्ष तेजशंकर जंघेल, उपाध्यक्ष श्रवण जंघेल, महासचिव दीपक जंघेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश जंघेल, संयुक्त सचिव महेन्द्र जंघेल एवं महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पूजा जंघेल, उपाध्यक्ष श्रीमती पम्पा चंदेल, सचिव श्रीमती राजेश्वरी जंघेल, कोषाध्यक्ष श्रीमती जाम बाई जंघेल और संयुक्त सचिव श्रीमती चंद्रप्रभा जंघेल ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के पश्चात ही उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुष्प हार व गमछा भेंटकर स्वागत किया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया, साथ ही निर्वाचन कार्य में संलग्न चुनाव अधिकारी व पर्यवेक्षक को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोधी समाज, ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए अधीन जंघेल को छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की।कार्यक्रम को कृष्ण कुमार सिंगौर महामंत्री छत्तीसगढ़ लोधी, सुरेश सिंगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ लोधी समाज ने संबोधित किया और सभी नवनिर्वाचित सर्किल व जिला पदाधिकारियों तथा नवनर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम संचालन डॉ अशोक कुमार वर्मा, प्रदेश सलाहकार द्वारा किया गया एवं धन्यवाद व आभार ज्ञापन श्री भूपेंद्र चंदेल, प्रदेशप्रचार सचिव के द्वारा दिया गया। यह जानकारी महासचिव दीपक जंघेल रायपुर लोधी क्षत्रिय समाज ने दी। कार्यक्रम में भगवती प्रसाद वर्मा, जमुना प्रसाद वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, मोहन उपारकर, बंधु जंघेल, उधो जंघेल संख्या सामाजिकजन उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालक चौपाल कार्यक्रम आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत आंगनबाडि़यों में पालक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिले के आंगनबाड़ी केन्द्र खुटेरी, नरेटीटोला सहित विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में पालक चौपाल का आयोजन किया गया। पालक चौपाल कार्यक्रम में शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार, बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव तथा स्वच्छता, पेयजल, डायरिया प्रबंधन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

**पालक चौपाल में शिशुवती माताओं और किशोरी बालिकाओं को पौष्टिक आहार, मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के संबंध में किया गया जागरूक**

पोट्ठ लईका पहल अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में पालक चौपाल का आयोजन किया जाता है। पालक चौपाल में शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं को पौष्टिक भोजन और स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। शिशुवती माताओं को बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए तिरंगा भोजन के रूप में पौष्टिक आहार खाने के लिए प्रेरित किया गया। जिससे बच्चों को प्रोटीन, विटामिन एवं अन्य पोषक तत्वों से भरपूर भोजन मिल सके। पालक चौपाल में तिरंगा भोजन के संबंध में अभिभावकों को जानकारी दी गई। तिरंगा भोजन में केसरी रंग अंतर्गत दलहन, सोया, अंडा, सफेद रंग चावल, रोटी तथा हरा रंग में हरी सब्जी जैसे पालक, मेथी, मुनगा भाजी एवं अन्य हरी साग-सब्जी का होता है। अपने बच्चों को पौष्टिक भोजन कम से कम 3 बार दिन में खिलाने और 2-3 बार स्वयं भी खाने की सलाह दी गई।

# मोहड़ में अवैध रेत उत्खनन व फायरिंग का एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



एम पी के ग्वालियर से पकड़ कर लाया गया आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। शहर के मोहड़ वार्ड में बहने वाली शिवनाथ नदी से अवैध रेत उत्खनन व फायरिंग की घटना के एक और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। उक्त घटना के आरोपियों को पकड़ने के लिए बसंतपुर पुलिस सहित बनाई गई टीम द्वारा उक्त आरोपी को एमपी के ग्वालियर क्षेत्र से पकड़ कर लाया गया है। आरोपी का नाम बल्ली उर्फ मनु उर्फ मनोज सिकरवार पिता कमल सिंह सिकरवार 25 वर्ष निवासी ग्राम खिंड़ौरा थाना चिन्नोनी जिला मुरैना मध्यप्रदेश बताया जाता है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गत दिनों 11 जून को देर शाम 7:30 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुँचा था। जिसे रोकने के लिए कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे जहां कार में सवार 7-8 लोग उतर कर ग्रामीणों से मारपीट करते हुए फायरिंग किये है कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर मे अपराध क्रमांक 257/2025 धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस एवं 25, 27 आर्मस एक्ट, मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### आठ आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में पृथक-पृथक टीम गठित कर आरोपी पतासाजी एवं उनकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग जगह इनके विभिन्न ठिकाने दिल्ली, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना आदि जगहों में दबिश दी जा रही थी।

विवेचना के दौरान पूर्व में आरोपी जेसीबी चालक भगवती निषाद, पार्षद संजय रजक, अभिनव तिवारी, अतुल सिंह तोमर, जितेन्द्र नारौलिया, अमन सिंह परिहार, अभय सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर, कृष्णा उर्फ गोलू गुर्जर आदि पुलिस के हत्थे चढ़े थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल भेज दिया गया है।

इस संबंध में ली गई प्रेस वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि विवेचना के दौरान प्रकरण के अन्य फरार आरोपी की पतासाजी गठित टीम द्वारा की जा रही थी कि घटना में संलिप्त आरोपी से फल्ली उर्फ मनू उर्फ मनोज सिकरवार को ग्वालियर से हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया।

आरोपी से सख्ती से पूछताछ करने पर जुर्म कारित करना स्वीकार किया एवं आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार आई-20 क्रमांक एमपी/07/सीजी/1155 जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

प्रेसवार्ता में बताया गया कि प्रकरण के आरोपी फल्ली उर्फ मनू आदतन बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके विरूद्ध थाने में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज है। मोहड़ वाले मामले से संबंधित संजय सिंह बघेल व अन्य की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

# नवगठित ग्रामीण मंडल ने मुख्यमंत्री एवं डॉ रमन सिंह से भेंट की



मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं एवं डॉ. रमन सिंह ने समाज हित में सकारात्मक कार्यों को प्राथमिकता देने का आव्हान किया

राजनांदगांव (दावा)। ग्रामीण मंडल पश्चिम एवं पूर्व के अध्यक्ष मनोज साहू एवं खिलेश्वर साहू ने अपनी नवगठित कार्यकारिणी के साथ आज विधानसभा पहुंचकर विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन किया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने दोनों मंडल की नवगठित कार्यकारिणी का मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष से परिचय कराया। इस दौरान प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सभी ग्रामीण मंडल के पदाधिकारी का आव्हान करते हुए कहा कि जनहित में सकारात्मक कार्यों को प्राथमिकता से करें और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। जिससे भाजपा का जनाधार का विस्तार हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, रोहित चंद्राकर, विवेक साहू, रामविलास साहू, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत साहू सहित सभी नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मंत्री का मनोनयन हुआ



### ज्ञानचंद, विनोद एवं भीमन उपाध्यक्ष अमर, संजय एवं लक्ष्मीनारायण मंत्री बनाए गए

### 0 व्यापारियों में हर्ष व्याप्त

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ चैंबर्स आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने संरक्षक खूबचंद पारख एवं बलदेव भाटिया की अनुशंसा से आज राजनांदगांव जिले के तीन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं तीन प्रदेश मंत्री का मनोनयन किया है, जिसके अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर ज्ञानचंद बाफना, विनोद डडडा एवं भीमन धनवानी एवं प्रदेश मंत्री पद पर अमर लालवानी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल और संजय कुमार जैन का मनोनयन किया है।

जिले से चेंबर के तीन प्रदेश उपाध्यक्ष और तीन प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर चेंबर से जुड़े व्यापारी संगठनों में हर्ष की लहर छा गई। विदित हो की चेंबर ऑफ कॉमर्स के वर्षो तक सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले ज्ञानचंद बाफना, विनोद डढ्डा एवं भीमन धनवानी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने एवं वर्षो से मानपुर में संजय जैन एवं डोंगरगढ़ में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल तथा अमर लालवानी को मंत्री बनाए जाने से व्यापारी जगत में व्यापार के हित में कार्य करने वालों के सम्मान से खुशी की लहर है और सभी ने चेंबर अध्यक्ष का धन्यवाद दिया है। चैंबर के अध्यक्ष सतीश थौरानी ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष एवं मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए व्यापारियों के हित में चेंबर में अपने योगदान देने का आह्वान किया है।

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक के अधिकारी केदारनाथ गुप्ता का बैंक परिवार द्वारा स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव में छ ग राज्य सहकारी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता के प्रथम आगमन में बैंक परिवार द्वारा स्वागत किया गया। श्री गुप्ता के द्वारा सहकारी बैंक एवं समितियों द्वारा केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम समितियों के कंप्यूटरीकरण पर ज़ोर देते हुए निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किए, साथ ही बैंक द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई।

कार्यक्रम में जिला बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल, संचालक सदस्य शशिकांत द्विवेदी, राधेलाल साहू, अरुण साहू, चंद्रवैसी, लक्ष्मी चंद्राकर तथा बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा एवं सभी चारो जिले के शाखा प्रबंधक तथा प्रधान कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# चिखली पुलिस ने कबाड़ी के यहां से सामान की जब्त

राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के बैगा कबाड़ी के यहां दबिश दे कर पुराने सामानों की जब्ती की है।



चौकी प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि आरोपी कबाड़ी के खिलाफ धारा 35(3),(6) बीएनएसएस व धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने कबाड़ी दुकान से लोहे का 03 नग गेट, मोटर साइकिल पेट्रोल टंकी, लोहे का साबुत पाईप 04 नग, लोहे का एंगल 01 नग, साइन बोर्ड, मारूती वेन वाहन का क्षतिग्रस्त गेट 01 नग व अन्य लोहे का सामान कुल वजनी 415 किलोग्राम है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर व राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में क्षेत्र मे संचालित कबाड़ी दुकान मे चोरी का सामान खरीदने-बेचने की सूचना पर को चिखली खैरागढ़ रोड़ में स्थित बैगा कबाड़ी की दुकान में दबिश दी गई। जिसका रजिस्ट्रेशन अभियुक्त शेख शहबाज खान पिता शेख परवेज खान उम्र 27 साल निवासी स्टेशनपारा वार्ड नं. 12 चौकी चिखली के नाम पर पाया गया। उक्त अभियुक्त को संदिग्ध लोहे के सामानों के संबंध में पूछताछ करने पर कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने से मौके पर उपरोक्त सामान जिसका कुल वजन 415 कि.ग्रा. को जप्त कर तथा उसे गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध 35(3),(6), बीएनएसएस एवं धारा 303(2) बीएनएस की कार्यवाही किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री नामदेव सहित सउनि इब्राहिम खान, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र रामटेके, मनोज जैन, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम बेग, आदित्य सोलंकी एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जिला सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनने पर राज्य में प्रथम स्थान पर




राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में जिले में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध 96.70 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इसी तरह आयुष्मान वय वंदना कार्ड निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 94.30 प्रतिशत बना कर लक्ष्य एवं उपलब्धि हासिल किया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने में राज्य में जिला राजनांदगांव प्रथम स्थान पर है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 9 लाख 52 हजार 546 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों में से 9 लाख 20 हजार 814 पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 96.70 प्रतिशत है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले के कुल 25 हजार 88 वरिष्ठ 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के पात्र राशन कार्डधारी हितग्राहियों में से 23 हजार 669 पात्र वरिष्ठ राशन कार्डधारी हितग्राहियों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड हेतु पंजीयन किया गया है जो कि निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 94.30 प्रतिशत उपलब्धि के साथ राज्य में जिला राजनांदगाव प्रथम स्थान पर है।

# शहर की चरमराई सड़क, बिजली, पानी साफ-सफाई व्यवस्था को दूर करने तत्काल सामान्य सभा बुलाई जाए - संतोष पिल्ले

## बदहाल व्यवस्था से नाराज़ नेता प्रतिपक्ष ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने हल्की सी मानसूनी बारिश में शहर की बदहाल हुई दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए निगम आयुक्त से जल्द ही सामान्य सभा बुलाई जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि इस हल्की सी बारिश ने शहर की सड़क, बिजली, पानी साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी।



शहर का ऐसा कोई सड़क नहीं है जो गड्ढों में तब्दील न हुआ हो। बारिश के दिनों में ज्यादातर वार्डो में अंधेरे का साम्राज्य बना हुआ है। बारिश होने पर शिवनाथ नदी का जल स्तर बढ़ने के बाद भी शहरवासियों को एक टाइम पानी दिया जा रहा। शहर के जगह-जगह स्थानों में कचरे का अंबार देखा जा रहा है। बारिश में नालियों जाम पड़ी हुई है। क्या यही डबल इंजन वाली सरकार की व्यवस्था है और उसकी इस तरह की कार्यप्रणाली है, जिसमें नागरिकों को सही तरीके से मूलभूत सुविधाओं का लाभ न मिल पा रहा हो। नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने कहा कि निगम द्वारा 1 करोड़ की लाइट खरीदी गई। इसके बाद भी शहर में अंधेरा व्याप्त है। वार्डो में अंधेरे का साम्राज्य बना हुआ है। गत जून माह में सफाई का पुराना टेंडर समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी नया टेंडर नहीं कराया गया।

### चरमराई शहर की साफ-सफाई व्यवस्था

इससे शहर की सफाई व्यवस्था एक दम से चरमराई हुई है। जगह-जगह कूड़ा-करकट पड़े हुए हैं। लोग प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। बारिश के दिनों में इससे संक्रामक रोग फैल सकता है लेकिन निगम के कर्ता-धर्ताओं को इसकी जरा भी परवाह नहीं है। श्री पिल्ले ने कहा कि बारिश में जहरीले जीव-जंतु निकलते हैं सड़कों में रौशनी नहीं होने से लोग इन जीव-जंतुओं के काटने का भय बना हुआ हैं। आखिर इन सबकी परवाह कौन करेगा?

उन्होंने कहा कि निगम में नेता प्रतिपक्ष होने के नाते उनकी जिम्मेदारी है कि शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित न होने पाएं। उन्हें तत्काल उक्त सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए। उक्त हेतु उन्होंने निगम आयुक्त का ध्यान खींचा है और जनता को उक्त सुविधाएं दिलाने जल्द ही सामान्य सभा बुलाए जाने की मांग की है।

# स्नेहा डे बनी चार्टर्ड एकाउटेंट, परिवार हुआ गौरवान्वित

### शुभचिंतकों ने दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर के आदर्श नगर निवासी अशोक कुमार डे की पुत्री स्नेहा डे ब्रिटिश कौंसिल द्वारा विश्व के एक सौ अस्सी देशों में संचालित ए.सी.सी.ए. (एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड एकाउंटेंट, यू.के.) की 13 पेपर की परीक्षा उत्तीर्ण कर ए.सी.सी.ए. बनी।



स्नेहा की इस उपलब्धि पर उनके माता, पिता परिवारजन तथा आत्मीय जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं ज्ञापित किये है। स्नेहा ने स्कूली शिक्षा केन्द्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ से प्राप्त की तत्पश्चात वाणिज्य संकाय से स्नातक की उपाधि शासकीय खूबचन्द बघेल महाविद्यालय भिलाई से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सी.ए. के अधिन रहकर तीन वर्ष तक प्रशिक्षण प्राप्त की फिर मुम्बई के जेल एज्यूकेशन से कोचिंग प्राप्त कर ए.सी.सी.ए.की परीक्षा उत्तीर्ण कर सी.ए. बनने का सफर तय किया।

# डेढ़ साल में भाजपा सरकार ने चौथी बार बढ़ाएं बिजली के दाम-कुलबीर

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार डेढ़ साल में चौथी बार बिजली के दामों में वृद्धि कर रही है। 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर प्रदेश की गरीब जनता की जेब को फिर लूटने जा रही है प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई वृद्धि को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार 15 जुलाई को प्रेसवार्ता ली। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को एक बार फिर लुटने का काम भाजपा सरकार ने किया है।

घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर पर 25 पैसे प्रति यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई है। छत्तीसगढ़ के किसान इस सरकार की दुर्भावना और उपेक्षा के चहते पहले ही खाद, बीज और बिजली कटौती से परेशान है, अब कृषि पंप में बिजली की दर बढ़ाकर किसानों की कमर तोड़ रही है भाजपा सरकार, इतिहास गवाह है कि भाजपा की सरकारों में जनता को लूटने के तरह-तरह के हथकंडे अपनाएं जाते है। 2003 से 2018 तक भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार ने हर साल बिजली के दामों में वृद्धि की। 2003 में छत्तीसगढ़ में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 3 रूपए 30 पैसे के दर पर बिजली मिला करती थी, जिसे 15 साल के कुशासन के बाद रमन सिंह के समय ही 6 रूपए 40 पैसे तक बढ़ाया गया, जिसे चुनाव वर्ष 2018 में मात्र 20 पैसे घटकर 6 रूपया 20 पैसे किया गया। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पूरे 5 साल का नेट वृद्धि यदि देखे तो मात्र दो पैसे का था, जो ऐतिहासिक तौर पर सबसे न्यूनतम था।




योजनाएं भाजपा अपने तिजोरी भरने और जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने बनाती है- भागवत साहू

अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिजली के घाटे को पाटते हुए बिजली बिल ऑफ योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को लगभग 3240 करोड़ रूपए के सब्सिडी देकर बहुत बड़ी राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली दिया, बीपीएल उपभोक्ताओं को 40 यूनिट तक मुक्त बिजली दी गई। अस्पतालों, उद्योगों को सब्सिडाइज्ड दर पर बिजली देकर राहत पहुंचाया। भाजपा की सरकार आने के बाद प्रदेश भर में बिजली की कटौती शुरू हो गई और कीमत लगातार बढ़ाई जाने लगी है। कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। भाजपा के नेता, मंत्री, विधायक और अधिकारी एसी का मजा लूट रहे, कई सरकारी विभाग बिजली का बकाया बिल जमा नहीं कर रहें, सरकारी उपक्रमों और सरकार के चहेतों का करोड़ों का बिजली बिल का भुगतान लंबित है, उसकी वसूली भी जनता से कर रही है सरकार सत्ता के संरक्षण में बिजली चोरी और लाइन लॉस के मामले बड़े है, जिसके चलते हो रहे नुकसान की भरपाई भी जनता से वसूली करके करना चाहती है यह सरकार केन्द्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों के चलते बिजली का उत्पादन लागत बड़ा है। कोयले पर ग्रीन टैक्स चार गुना अधिक बड़ा दिए, रेलवे का माल भाड़ा अधिक वसूल रहे हैं, थर्मल पॉवर प्लांट को अडानी की कंपनी से महंगे दर पर कोयला खरीदने बाध्य किया जा रहा है, डीजल पर सेंट्रल एक्साइज बढ़ाए जाने से परिवहन में और फायर के लिए उपयोग होने वाले डीजल की लागत बड़ी है जिसकी भरपाई भी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ाकर किया जा रहा है। प्रदेशभर में अनाप-शनाप बिजली बिल आने की शिकायत लगातार आ रही है, स्मार्ट मीटर के नाम पर अधिक बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है, अब तो जनता को लूटने के लिए अडानी की कंपनी का प्रीपेड मीटर भी लगाने की तैयारी है। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है, अघोषित कटौती रोज-रोज जारी है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर बढ़ोतरी करके जनता की जेब में डकैती डाला है। कांग्रेस पार्टी सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, किशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पीसीसी सचिव मेहुल मारू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, पंकज बांधव, शहर उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, शौर्य वैष्णव उपस्थित थे।

### घरेलू बिजली की दर में वृद्धि का आंकड़ा

घरेलू बिजली की दर में वृद्धि निम्नानुसार साल बिजली की दर 2003-04 में 3.30, 2017-18 में 6.40 (3.10) (रमन सरकार में कुल वृद्धि 3 रूपए 10 पैसे अर्थात 94 प्रतिशत), 2018-19 में 6.20, 2019-20 में 5.93 (27), 2020-21 में 5.93 (0), 2021-22 में 6.08 (15), 2022-23 में 6.22 (12), 2023-24 में 6.22 (0), (कांग्रेस सरकार के 5 साल में कुल वृद्धि मात्र .02 रूपए या 2 पैसे अर्थात केवल 0.32 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई) जबकि 2023-24 में 6.22 वर्तमान में 7.02 (80) (भाजपा की वर्तमान साय सरकार के डेढ़ साल में कुल वृद्धि 80 पैसे अर्थात 13 प्रतिशत बढ़ोतरी) हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com